[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

ध्यान में रखते हुए मैं पुनः केन्द्र सरकार के इनर्जी मिनिस्टर से यह निवेदन करना चाहूंगा कि इन किसानों की कुर्बानी को ध्यान में रखते हुए किसानों की बिजली की उपलब्धता में वृद्धि कराये, ट्रिप्स रुकवाये और जो अत्यधिक भाव बढ़ हैं, उनको घटवाने की भी कोशिश करें।

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS —Contd.

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष जी, राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण हुआ उसके प्रति आभार प्रदर्शन के प्रस्ताव के संबंध में मैं जिन चीजों की तरफ अभी तक विशेष रूप से ध्यान नहीं दिया गया था, जिन चीजों के ऊपर ज्यादा बल देकर सदस्यों ने नहीं कहा ऐसी कुछ बातों के बारे में इस सदन के सामने अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूं। मैंने यह सारा भाषण सुना भी और पढ़ा भी, तब मुझे लगा कि जहां तक अति-शोषित लोगों का सवाल है, वहां तक यह अति-निराशाजनक भाषण है। यह भाषण जैसे पुराने जमाने में उच्च-वर्णीय और उच्च-वर्गीय लोग भोजन के समय जरा बड़ी शान से बैठते थें, तब आम तौर पर एक मन्त्र कहते थे :

> "ओउम सः ना भवत, सः नौ भुनक्तु सः वीर्यम करवावहै तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विवावहै । ऊं शान्तिः ! शान्ति !! शान्ति !!!

ऐसा यह भाषण है, ओउम सः ना भवतु, इनका भोजन ठीक चल रहा है, खाऊ पें लड्डू खाऊ जलेबी खाऊ, भोजन मस्त चल रहा है। सब लोगों के लिये कहना है कि ओउम सः ना भवतु, वास्तव में खा रहा हूं, आप मुझे देखते रहिए। ओउम सः नौ भुनक्तु, मैं तो खा ही रहा हूं, सः वीर्यम करवावहै, आप चिन्ता मत कीजिये और सबके लिये शांति-शांति-शांति। पन्ना नंबर 4, पन्ना नंबर 5 पढ़िये, तो मैंने जो कहा है, उसका आपको पता लग जायेगा कि हम गरीब के लिये यह करेंगे, वह करेंगे, इलिट्रेसी के लिये यह करेंगे, एन०आर०डी०पी० करेंगे, वह करेंगे, लेकिन वास्तव में करेंगे क्या ? क्योंकि जहां तक गरीबों के सही सवाल हैं, विशेषकर आदिवासियों और हरिजनों के, जो माइनारिटीज के सवाल हैं, इनके बारे में यह भाषण बिल्कुल निराशाजनक है, यह बात मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं। इसके लिये मैं कुछ मिशाल आपके सामने पेश करना चाहता हूं, क्योंकि मैं इस बहस में ज्यादा इसलिये नहीं जा रहा हूं कि देश में कम्युनेलिज्म का खतरा कितना बढ़ गया है, मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि यह बात सः ना भवतु, वाले मंत्रों से नहीं बचेगी, क्योंकि हम लोग जितना समझते हैं और हम और आप सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते समाज को जितना समझते हैं, यह कम्युनेलिज्म का जहर भले ही आप कितना कहते रहें हर इन्सान के दिल में पैदा हो चुका है। यह आपके मंत्रोच्चारण से नहीं रुकेगा। मैं अभी अकालस्त इलाके से आया हूं। मैं तो अकाल के कारण घूम रहा था। मैं एक गांव में दोपहर चार बजे पहुंचा और देखा कि सारे गांव पर भगवे झण्डे लहरा रहे हैं। महाराष्ट्र में भगवा दोनों-तीनों का है। भगवा शिवाजी का भी झंडा है, भगवा भगवत सम्प्रदाय का भी झंडा है, भगवा हिन्दू धर्म का भी झंडा है। सबके झंडे भगवे हैं। आजकल महाराष्ट्र में बहुत भगवे हैं। शिव सेना का झंडा ज्यादा भगवा है। ये सब भगवे वाले हैं। लेकिन वहां हमने देखा कि क्या आ रहा है ? क्यों लोग इक्कठे हैं ? सारा गांव इक्कठा है। अकाल की मीटिंग में जितने लोग नहीं आते, उतने उसके लिये आये हैं। कौन हैं वे लोग ? क्या चल रहा है ? वहां हमने सुना और देखा कि राम अयोध्या रथ यात्रा वहां चल रही है। एक तरफ से राम अयोध्या रथ की यात्रा धर्म का जागरण नहीं करती है, यह राम अयोध्या रथ की यात्रा धीरे-धीरे हिन्दू मानस में मुसलमानों के खिलाफ जहर पैदा करने का प्रयास करती

है। एक तरफ से राम अयोध्या रथ यात्रा चले हरेक गांव में और दूसरी तरफ बाबरी मस्जिद चले, हर कोने में आप क्या समझते हैं कि जिस ऐहिकता के सिद्धांत पर राष्ट्र को हम खड़ा करना चाहते है, It is a challenge. Go on talking about secularism. A time will come when the real secularists in the country will be wiped out. I am very serious about this. I was born with Gandhian ideology and I had worked undre Acharya Narendha Deva, Jayaprakash Narayan and Rammanohar Lohia and I have stood strongly for secularism in this country.

मैं इस देश में किसी धर्म की सत्ता नहीं चाहता हूं, न मैं किसी मजहब की सत्ता चाहता हूं, मैं इस देश में गरीबों की सत्ता चाहता हूं। गरीब का धर्म रोटी होता है, लेकिन उनकी रोटी में जहर पैदा करने का प्रयास चारों ओर से इस देश में जो चल रहा है, इसका कोई उपाय आपके पास नहीं है, भले ही आप कितनी ताली बजाकर बरनाला जी की पीठ ठोकते रहिये। इस ताली बजाने से, आपकी मारेल सपोर्ट से कुछ काम होने वाला नहीं है। इसके लिये मैं आपसे यह पहली दरखास्त करूं कि इस अभिभाषण में इसके बारे में जो कुछ कहा है, वह मुझे शैलो लगता है, इसकी गहराई में जाने का कोई प्रयास मुझे नहीं लगा है। ऊपर-ऊपर की बातों को लेकर कहा है कि बरनाला साहब के बारे में है--मैं नहीं मानूंगा, उसको। मैं बरनाला साहब को, अकाली दल को सैकुलर नहीं मानता हूं, बात साफ रहनी चाहिये हमारे मन में, । यह एक धार्मिक दल है। इन्होंने इतना ही कहा है। अच्छा किया, मैं मानता हूं कि कम से कम एक दफा उन्होंने कहा--जो उनका पंथ है, वह अगर उनकी सत्ता के बारे में कहेगा तो मैं तख्त की सत्ता को नहीं मानूंगा। उनकी सत्ता के बारे में, लेकिन इन्होंने यह ही कहा कि मैं नहीं मानूंगा। मैं इस राय का हूं कि क्या इस देश के हम सब लोग सही मायनों में निष्ठा के साथ इस ऐहिकता को, स्थापित करना चाहते हैं, जो धर्म की कक्षा है, यह धर्म अपनी कक्षाओं को छोड़कर रास्ते पर आ चुका है, धर्म को अपनी कक्षाओं में फिर से जाने का सवाल है। उसको मन्दिर, गुरुद्वारे, मस्जिद और चर्चों में वापस भेजने के लिये कोई एक विशेष प्रयास की आवश्यकता हम लोग मानते हैं, यह अभिभाषण में नहीं है और इसके लिये मैं मानता हूं कि यह शैलो-एनालायसिस है। जो इस देश में आने वाला संकट है, इस देश की ऐहिकता पर आये इस संकट का हम मुकाबला नहीं कर सकेंगे। इसकी चेतावनी मैं आपको दे देना चाहता हूं।

महोदय, हमारी जितनी भी शक्ति हो, हम निष्ठा के साथ अपनी वह शक्तियां देश के लिये लगायेंगे, लगाते आये हैं, लगाते रहेंगे। लेकिन क्योंकि कोई एक व्यक्ति विशेष की शक्ति का यह प्रश्न नहीं है। मैं मानता हूं कि इस देश की जितनी बुनियादी निष्ठायें हैं, उसका जिस ढंग से आह्वान दिया जा रहा है, वह आह्वान सारे देश के लिये, कम से कम जिन शक्तियों का इस पर विश्वास है, ऐहिकता के ऊपर, धर्म निरपेक्षता के ऊपर और गरीबों के धर्म पर इसके लिये मेहनत करने वाले जो लोग हैं, उन सब को इस समय इक्कठा करने का प्रयास करने की जरूरत है। मैं इस सदन के सभी सदस्यों से यह कहूंगा कि जो इस पर विश्वास रखते हैं, वे इसमें प्रयास करें। यह बवंडर जो चल रहा है, इसके नीचे जो सही गरीबों के प्रश्न हैं, छिप गये हैं। एक तरफ यह प्रयास विफल करने में इस देश में धन और धर्मान्धों की एक साजिश चल रही है, धनी लोग शोषण के हथियार के रूप में धर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं और धर्मान्ध उनकी प्रतिष्ठा के लिए धन का सहारा ले रहे है। यह धन और धर्म की साजिश इस देश में एकता, इस देश में समता के भी खिलाफ हैं और इस देश को इक्कठा रखने के भी खिलाफ है। बड़े पापी लोग बड़े धर्मात्मा बन कर मन्दिर बनाते हैं, जिनके नाम लेना उचित नहीं हैं, शायद इसी सदन के कुछ सदस्य हो सकते हैं या उनके संबंधित हो सकते हैं... (**व्यवधान**)...

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : शाहबुद्दीन के बारे में आपकी क्या राय है ? वह जो कर रहे हैं, उसके बारे में आपकी राय क्या है ?

डा० बापू कालदाते : मैं आपका जवाब देने के लिये खड़ा नहीं हूं । मैंने कहा है, आप नहीं थे, इसके लिये मैं जिम्मेदार नहीं हूं । लेकिन मैं किसी का जवाब देने के लिये बाध्य नहीं हूं । आप कहिए, जो आपको कहना है, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मुझे जो कहना है, मैं कह रहा हूं । मैं आपको जवाब नहीं दे रहा हूं, मैं किसी का जवाब नहीं देता ।

मैं सिर्फ इसलिये कह रहा हूं कि इस साजिश को हम लोग को तोड़ना चाहिये । अगर यह साजिश चलेगी, तो एक तरफ धनवान अपनी समृद्धि बढ़ाते रहेंगे और दूसरी तरफ यह सब चलता रहेगा, उसको देखते रहिये और बीच-बीच में किसी की पीठ थपथपाइये, किसी को गालियां दीजिये, इससे काम होने वाला नहीं है । इस देश में यह मामला बहुत गम्भीर बनता जा रहा है, क्योंकि हम जैसे लोगों को यह लग रहा है कि इस देश में गरीबी की लड़ाई ज्यादा से ज्यादा कठिन होती जाती है । आपको आश्चर्य होगा, मैं एक साल से देख रहा हूं, पंजाब की बात और इसकी छाया में सही गरीबों का सवाल वैसे के वैसे पड़े हुए हैं । कितने लोग मरे पंजाब में ? मैं यह नहीं मानता हूं कि कितना सिख मरा या हिन्दू मरा, मैं तो मानता हूं, कि सारा इन्सान मरा, भले ही वह सिख हो या हिन्दू हो, वह इन्सान मरा । लेकिन कितने मरे ? मेरे ख्याल से सम्मानीय कल्पनाथ राय जी का ही सवाल था, जिसके जवाब में सरकार ने कहा है कि एक साल में 900 के करीब मारे गये । मैं आपसे पूछता हूं कि बिहार में गये एक साल में कितने हरिजन जलाये गये ? पंजाब से ज्यादा जलाये गये, लेकिन कोई चिल्लाया नहीं, क्योंकि हिन्दू धर्म वाले लोग इसको कहेंगे नहीं तो हिन्दू धर्म पर बात आयेगी । तो धर्म वाले तो कहेंगे ही नहीं । पंजाब के मसलों में हम फंसे हैं, सिखों के खिलाफ हिन्दू बात करेंगे । सिख लोग कहेंगे नहीं । गरीब व हरिजन मरते रहेंगे । जो सही रूप में आज गरीब है, उसका सारा आन्दोलन क्षतिग्रस्त हो गया है । न हरिजनों का आन्दोलन उभर रहा है, न आदिवासियों का आन्दोलन उभर रहा है ।

महोदय, उड़ीसा के कोरापुट जिले के गंदमर्दन में हरिजनों का और आदिवासियों का मसला चला है । वहां के आदिवासियों को निकालकर वहां के पर्यावरण को खत्म करके वहां पर हिन्दुस्तान एल्यूमीनियम की फैक्टरी लगाने का प्रयास चल रहा है । आदिवासियों को निकालना आसान है, उनको आप हटा सकते हैं । लेकिन हम कहना चाहते हैं कि पर्यावरण को एक तरफ से प्रदूषित करना और दूसरी तरफ से आदिवासियों को निकालने की परिकल्पना गलत है, ऐसा प्रकल्प क्यों हो ? दूसरी जगह बालासोर में नेशानल टेस्ट रेन्ज बनाने की बात चल रही है । दुनियां में कोई मुल्क ऐसा नहीं जैसे कि यू० एस० ए० या फ्रांस या रशिया में भी नेशनल टेस्ट रेन्ज की हुई है । वहां कम से कम आबादी वाली जगह पर ही टेस्ट रेन्ज हुई है । आज लाखों लोगों को उड़ीसा में हटा रहे हैं क्योंकि वे फिंशरमैन हैं, एक या दो एकड़ वाले किसान हैं, उनको हटाकर आप वहां पर टेस्ट रेन्ज बनाना चाहते हैं, आपको कोई रोकने वाला नहीं है लेकिन वहां पर राष्ट्रपति जी बराबर यह मंत्र जप रहे हैं और कह रहे हैं "सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यम् करवाठा है" सरकार गरीबों को हटाने का कार्यक्रम करते रहेंगे, और राष्ट्रपति जी मंत्रोच्चारण करते रहेंगे, यह मैं मानता हूं ।

श्रीमन्, मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले की तरफ जरूर ध्यान दिलाना चाहता हूं और दरख्वास्त करना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो आदिवासियों के हित में है, सरकार उसकी ओर ध्यान दे। सरकार द्वारा आदिवासियों को फारेस्ट लेंड से जो

हटाया गया है, उसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया है कि आदिवासियों को जिन जगहों से हटाया जा रहा है, उसका सर्वे किया जाए और जहां पर आदिवासियों को जमीन दी जा सकती है उसके लिए सरकार कमीशन नियुक्त करे। मिर्जापुर उत्तर प्रदेश में 7 लाख से ज्यादा एकड़ जमीन सरकार ने आदिवासियों को हटाकर उनसे लेने का प्रयास किया है। आप महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की हालत को देखें वहां दोनों राज्यों की सीमा पर बांध है। वहां के आदिवासियों को हटा दिया और उनको स्थापित करने के लिए कोई प्रयास सरकार नहीं कर रही है। इसके लिए हमारा कहना तो यह है कि जो दबे हुए लोग हैं उनकी आवाज को गुमराह करने का प्रयास ये कम्यूनलिस्ट, रिलीजनिस्ट जान-बूझकर कर रहे हैं क्योंकि अगर गरीब खड़ा होगा तो समता की मांग करेगा और गरीब खड़ा होगा तो शोषण मुक्ति की मांग करेगा। इसलिए गरीबों में श्रम के नाम पर फूट डालते रहे ताकि उनकी लूट करना आसान होगा।

श्रीमन्, इसके साथ ही मैं एक और क्लास का जिक्र करना चाहता हूं। इसमें हमारे किसान आते हैं। महाराष्ट्र में जो आन्दोलन चल रहा है कपास के दाम को लेकर, यह कपास के दाम का आन्दोलन नहीं है। जहां तक मैं इस आन्दोलन को देखता हूं वह बुनियादी तौर पर एक लक्ष्य का आन्दोलन है कि क्या इस देश में जो मेहनतकश लोग हैं उनकी क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए सरकार कुछ करना चाहती है या नहीं? यह दाम का आन्दोलन नहीं है, यह क्रय शक्ति के निर्धारण का आन्दोलन है। मैं इसको बुनियादी तौर पर ठीक मानता हूं। क्योंकि आप जानते हैं कि गये साल में महाराष्ट्र के किसान को 612 रुपये प्रति क्विंटल मिलते थे। हमारे कोआपरेटिव मिनिस्टर ने मुझे लिखा है कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने उनको डांट कर लिखा है कि अगर महाराष्ट्र गवर्नमेंट सी. सीं. आई. के रेट्स से ज्यादा रेट देगी तो हम आपकी मदद नहीं करेंगे। इसका मतलब हम जो 612 रुपये देते थे इसकी बजाय इस साल किसानों को 540 रुपये महाराष्ट्र सरकार दे रही है। 72 रुपये क्विंटल का घाटा। क्यों? क्या कारण है? क्या 72 रुपये कम करने से उसकी क्रय शक्ति बढ़ जायेगी या उसकी क्रय शक्ति घट जायेगी? आखिर गरीबी की व्याख्या है क्या?

What is poverty and what is richness? It is the capacity to purchase: Those who have more capacity to purchase are known as rich people, those who have less capacity to purchase are known as poor people. From where the capacity to purchase comes to the farmer? It is from the yield through which he gets the purchasing power. You want to demolish that farmer; you want to demolish the purchasing power of that man who is working in the field.

12 महीने मेहनत करेगा, काली मिट्टी में काम करके काला जैसा हो जायेगा और जब मेहनत के दाम मांगेगा तो आप उसी को यहां से डाटेंगे कि नहीं मिलेगा, 540 रुपये ही मिलेंगे 612 रुपये नहीं मिलेंगे। क्यों? क्योंकि आपकी नीति खराब हो रही है। जिसको हमारे महाराष्ट्र के किसान राजीव वस्त्र कहते हैं यह है राजीव वस्त्र की नीति। राजीव वस्त्र को मैं सिम्बोलिक मानता हूं; प्रतीकात्मक मानता हूं जिसका जिक्र आपके राष्ट्रपति महोदय ने पेज नं० 7 परिच्छेद 17 में किया है। हमारे राष्ट्रपति जी यह कहते हैं :

"In the sphere of industry"—it is a fantastic statement—"the dynamic thrust for efficiency and modernisation has begun to show results." Sir, it will show the results in industry and it will have the impact on unemployment."

कार्यक्षमता और आधुनिकता के नाम पर अविवेकपूर्ण व्यवहार और जिस यंत्र नीति को आप ला रहे हैं उससे जो होने वाला है हम उसको खुद महसूस कर रहे हैं। अब इलेक्ट्रोनिक्स का युग आ रहा है, कम्प्यूटर आ रहे हैं। हम देहात में गये थे। हमने लोगों से पूछा कि इतने कम्प्यूटर कलासेज शहरों में देख रहे हैं इससे आप क्या समझते हैं? पहले तो उन्हें डिग्रियों तक पहुंचते-पहुंचते 30 साल तक लग गये

[डा० बापू कालदाते]

और अब जब डिग्रियों तक पहुंचे तो अब उनकी डिग्रियों की इज्जत ही खत्म हो गयी। Jobs are delinked from the degrees in practice सरकार की नीति की कोई जरूरत नहीं है। अब उनकी डिग्रियां कचरे के डिब्बे में डाल दी जा रही हैं। Here, degree is already delinked from the jobs आप सिद्धांत रूप से कहिये या न कहिये उससे कोई मतलब नहीं होता। एक तरफ डिग्री खत्म हो गयी और कम्प्यूटर आ गया। कौन पढ़ेगा कम्प्यूटर? मुझे बताइये कौन आदिवासी, कौन दलित, कौन गरीब किसान इसको पढ़ेगा? औरंगाबाद, बम्बई, कानपुर में जाकर इनके बच्चे पढ़ेंगे? कम्प्यूटर कौन पढ़ेगा? कम्प्यूटर पढ़ेगा

The elite of this country will get the first opportunity to get himself introduced to the so-called modernisation. He will control the whole economic policies of this Government. Where does this farmer stand in your perception of this? I do not understand at all. You are trying to create a middle-class elite society in the name of the poor.

यह "सः नौ भुनक्तु" वाला मामला हमारे यंत्र के लिए चलेगा? आपकी सारी नीयत यह है कि इस देश में मध्यम वर्ग और उच्च श्रेणी के लोगों के लिए सरकार बने। जो हमारे गरीब लोग हैं, बिखरे हुए हरिजन हैं, किसान हैं, जो हमारे मेहनती किसान हैं ये सारे लोग सड़ते रहें, दुनिया में ऊंची चलती हुई उड़ान देखते रहें। यह समाज इस ढंग से नहीं चलेगा और न हम चलने देंगे। जिस समाज की बनियाद स्वतंत्रा की आजादी में गांधी जी ने डाली उसी बनियाद पर चलने वाले हम एक छोटे से कार्यकर्त्ता हैं। उन्होंने हम को यह कहा था कि आजादी की लड़ाई न सिर्फ आजादी के लिए चल रही है, आजादी की लड़ाई आजादी के साथ समता के लिए भी चलेगी। ब्रिटिशर्ष हमारे देश का शोषण करते रहे वे हमारी आजादी का ही सिर्फ शोषण नहीं कर रहे थे बल्कि हमारी अर्थ-व्यवस्था का भी शोषण कर रहे थे। आजादी का मतलब होता है शोषण मुक्त रहना। अगर हम आजाद रहेंगे तो शोषण मुक्त भी रहेंगे। अगर हमारी ऐसी प्रेरणा चलती है तो हम गरीब लोगों को आगे बढ़ा सकते हैं। लेकिन राष्ट्रपति जी के के इस अभिभाषण में आप जनता के लिए कोई विश्वास नहीं है, कोई समर्थन नहीं है, कोई प्रेरणा नहीं है और कोई उत्साह नहीं है। आप इसको देख लीजिए, आप भी खुद इसको मानेंगे इसमें कोई उत्साह नहीं है।

1-00 P.M.

श्रीमन्, मैं और दो पाइन्ट्स जरूर कहना चाहता हूं। मैं इस सरकार की एडहोकिज्म का जिक्र करना चाहता हूं। हमारे भूतपूर्व वित्त मंत्री यहां पर बैठे हुए हैं। हमारे यहां एक प्लानिंग कमीशन है और उसके दूसरे संगठन भी हैं जो प्लानिंग के विषय में रिसर्च भी करते रहते हैं और उसके बाद नियोजन की योजना तैयार करते हैं। पंचवर्षीय योजनाओं के लिए एलोकेशन करते हैं। ऐसी सारी व्यवस्थायें लोकतंत्र में चलती हैं। लेकिन मेरी समझ में यह चीज नहीं आती है कि जब प्रधान मंत्री हरियाणा में जाते हैं तो चार सौ करोड़ की घोषणा करते हैं केरल में जाते हैं तो 285 करोड़ रुपयों की घोषणा करते हैं बंगाल में दो समय जाकर 11 सौ करोड़ रुपयों की घोषणा की गई है।

I do not understand this at all. Why not wind up the whole of Planning Commission and give full powers to the Prime Minister to distribute like our Nizam, or, as Mr. Hegde said, like Mohammed Bin Tughlaq.

यही हमारे देश में यह चल रहा है। मैं इस संबंध में मिसालें देना चाहता हूं।

Sir, the Prime Minister went to Karnataka last year and declared a grant of Rs. 50 crores. I am quoting from a telex sent to Shri M. Shankaranarayanan, Finance Commissioner, Bangalore by Smt. Terresa, Special Commissioner Government of Kar-

nataka in New Delhi. It reads: "I have been informed by the OSD Finance Ministry that the amount of Rs. 50 crores announced as drought relief by the Hon. Prime Minister during his recent visit to Karnataka, includes Rs. 30.05 crores already sanctioned by the Government of India on 25-3-1986, as well as Rs. 7.50 crores sanctioned for purchase of rigs on 9-4-1986. The State Government is being requested to furnish the details of the remaining Rs. 12.45 crores. A separate telex in this behalf is being sent to you."

वहां पर 50 करोड़ रुपयों की घोषणा की गई। उसके बाद टेलेक्स आता है। यह बात साफ है कि जो एलोकेशन आपने की, उसी में से आप यह दे रहे हैं। उसके लिए इस तरह की घोषणा करने की क्या जरूरत है। यह एक खतरानाक बात है। मुझे ऐसा लगता है कि जो "इमेज प्रोजेक्शन" की बात आप कर रहे हैं उसी का यह एक हिस्सा है। यह इमेज प्रोजेक्शन इंस्टिट्यूशन के लिए खतरानाक है।

There is an established institution of Planning Commission. There is an established institution of National Development Council. Why demoralise them? Why go and encroach upon their rights and try to build that Prime Minister is giving something? Is it fair for democracy? Is it necessary for democracy? Is it good for democracy? Are we not eroding the basic tenets and institutions that we ourselves have evolved in this country to carry on the democratic process?

इसलिए मैं आपको कहना चाहता हूं कि इस ढंग का इमेज बिल्डिंग ठीक नहीं है। चार राज्यों में जाकर सहायता की घोषणा की है वहां क्या होने वाला है यह आप भी जानते है और मैं भी जानता हूं चार राज्यों में कुछ होने वाला नहीं है। यह इमेज बिल्डिंग में मदद नहीं करता ...(व्यवधान)...ठीक है, मैं कहां कह रहा हूं, मैं भी देख रहा हूं 24 मार्च तक। इसमें कोई शक नहीं, मैं देख रहा हूं...(व्यवधान)...24 तक दे ख रहा हूं, चिन्ता मत कीजिए।

I totally disagree with this behaviour of the Prime Minister; I must tell you frankly I am annoyed. This is something which we do not understand. (व्यवधान) ठीक है आप मानें लेकिन मैं नहीं मानता हूं। This will erode the institutions. No individual has a right in this country to erode democratically-established institutions, whosoever he may be.

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH): May I draw the hon. Member's attention? No institution has been eroded by what the Prime Minister has done. He has done in response to the urgency of the situation--what the hon. Member was saying about floods--and for promoting the development process, and the institutions and procedures have been fully respected.

DR. BAPU KALDATE: Therefore, Sir, I am concluding.

जो राष्ट्रपति महोदय का भाषण है इसमें खास क्या है? इसमें आम तबके के लोगों की आवाज बिल्कुल नहीं आ रही है और न सुनाई देती है। इसलिए मैं, ऐसे भाषण के बारे में जो हमारी निराशा है, गहन निराशा है, उसको प्रकट करते हुए मैं अपने भाषण को समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI MADAN BHATIA (Nominated): Respected Vice-Chairman, Sir, I rise to support the Motion expressing gratitude to the President for his address to the joint session of both Houses of Parliament. It is not because I belong to the ruling party, although it is my privilege to belong to a party which has dominated the political scene in this country for more than a century. It is my privilege to belong to a political party which was in the vanguard of India's freedom movement, which gave India, through its struggle, its independence, which gave to the Indian people the concepts and values of secularism, social justice and equality, which gave to the country its Constitution and its democratic institutions, which has changed the agricultural and the industrial map of India. I rise to support this Motion out of political and intellectual convictions.

[Shri Madan Bhatia]

Sir, the year that has gone by, has been marked by darkness and light, by serious threats and recoveries, by tragedies and hopes, by agony and ecstasy. The question which confronts this hon. House is, what is the most magnificent achievement of this Government? I am reminded of what Mr. Bhutto once said. Mr. Bhutto intellectually was a remarkable man. Even when he was confined to the death-cell, counting his last days, his genius did not desert him. With one stroke of genius, when he was scribbling his memoirs, he wrote about India: "For all its noise and chaos, what has kept India together in one piece, is her democracy." The most outstanding achievement of this Government in the last one year has been its democratic response to hideously undemocratic situations. The choice which confronted this Government in the last one year was a difficult choice. Shall it go ahead for total confrontation and naked force in dealing with violence and divisive forces in different parts of the country, Mizoram, the hilly areas of West Bengal and Punjab? Or, shall it opt for a spirit of conciliation, strengthen the forces of democracy, fortify the democratic institutions and ensure the maximum participation of the maximum people in India's fight against these evils? Indian Govt., in the last one year, made the the second choice. And the latest events which have taken place in Punjab bear the most eloquent vindication of the policy of the Government.

Sir, last summer, I wrote an article which was published in the 'Hindustan Times' and I said in that article 'But whosoever thought that the Accord would instantly eliminate terrorism from Punjab misjudged its character, its extra-territorial routes, its motivation. The Accord merely set the democratic machinery in motion to deal with terrorism. In the ultimate analysis, it is the democratic machinery which must be tried and tested first because that alone will ensure the maximum participation of the people to exterminate an evil which afflicts the body politic. The Accord was inspired by this solitary political dictum.

Sir, events have proved the truth and rationale behind the Accord which was entered into by this Government. It goes to the credit of the leadership of this Government that it refused to be stampeded into an hasty action under the most provocative and insidious events which took place in Punjab. In fact, Sir, the most monstrous force which has afflicted humanity down the ages is the force of religion coupled with politics. It was this monstrous force which devastated Europe in the 17th Century. It was this monstrous force which rained death and destruction on a tiny little country, Ireland. It was this monstrous force which has played havoc with Lebanon and Iran. It was this monstrous force which brought about the fragmentation of this ancient land, India. This, I respectfully submit, is the challenge before this country today. India cannot survive another partition. India has survived one partition, but at what a terrible cost? We did not realise that Pakistan which was born of imperialism, will be fed, nourished and nurtured by imperialism and will be used by imperialism as a running sore in the stomach of India. If there is another partition, that will be the end of India. Let us not make that mistake which our ancestors made when they never looked beyond the frontiers of their kingdom and did not realise that what happened on this side of the Khyber Pass will finish them one day.

The most momentous statement, therefore, in the President's Address is to this effect and I will draw the attention of the hon. House to it.

> "As we went ahead on our path of planned development, we began to assume that social and economic progress would automatically weaken the communal outlook. Experience has, however, shown that the communal and fundamentalist forces, aided and abetted by external elements, are challenging our basic values of nationalism, secularism, democracy and socialism."

It is for the first time in the history of post-independence India that the President's Address has shown boldness and courage to call into question the political perceptions of the founding-fathers of the Constitution. It was the founding-fathers of the Constitution who evolved this political con-

cept that with the development of India on the social and economic lines, the evils of communalism and fundamentalism would automatically wither away. It was like the Marxist theory that with the development of communism the State shall wither away. This, in fact, has not happened. And it is this basic political perception of the founding fathers of the nation which, for the first time, has been challenged and the President in his Address has called upon the nation, this hon. House and both the Houses of Parliament, to subject to critical examination the efficacy and the adequacy of this political perception.

Sir, the Address also called for a national debate. That fills me with a sense of awe and exhileration. It places upon the shoulders of this hon. House and the Parliament an awesome but exciting responsibility of finding ways and means of dealing with the evils that have afflicted the body politic of India. The founding fathers of a Constitution were great and mighty men. Most of us were not old enough to participate in India's freedom struggle. They carried around themselves the halo of their struggle for India's freedom. We have none. They spent their lifetime in pursuit of intellectual attainment, we have no such pretentions. But mother India is beckoning us today. I can see in the face of mother India some sadness but also a reflection of hope. They had tryst with India's destiny. We, in this Parliament today, have tryst with the survival of India as a unified nation. In spite of our smallness, let us rise to the full stature of India's desting so that one day nature might stand up and say that there were men in this Parliament who, in spite of their other failings, did not fail India. Let us today, from this hon. House, initiate the debate which has been called upon by the President's Address before both the Houses of Parliament. In this regard I would share some of the ideas that I have with this hon. House.

The first is, to my mind, the very concept of minorities and majorities is alien to the concept of secularism. There is hardly any constitution of any democratic secular country in the world which speaks the language of minorities and majorities. Our founding fathers of the Constitution did not realise, I say with respect, that they introduced this concept of religious minorities and majorities into one of the most dangerous fields, the field of education. It had been the experience of India that the denominational, communal educational institutions had been the breeding grounds of communalism in this country, but our founding fathers of the Constitution introduced this concept and gave constitutional protection and recognition to such institutions, instead of eradicating them. Maybe, it may be too late to remove this constitutional protection from the existing institutions, but we can do something about the future.

Secondly, Sir, I would like to draw the attention of this hon. House to the provision relating to disqualification of members. If a member holds an office of profit, he becomes disqualified to keep his seat in the legislature because the Constitution adumbrates that his pecuniary interest may not be in conflict with his duties as a legislator or a parliamentarian. The Constitution also says that an undischarged insolvent can also be disqualified. His crime is that he has lost economic status. And now we have anti-defection provisions. They are based upon this rationale that if a member leaves a particular party and joins another party it amounts to betrayal of the electorate which has elected him. But, Sir, every member of any legislature in this country or Parliament is also required to take an oath that he shall uphold the Constitution of India, and he shall uphold the sovereignty and integrity of India. If he commits a violent abrogation of his solemn constitutional oath, if he hits out at the basic concept of secularism in this country, if he imperils the integrity and sovereignty of the country, there is no sanction against him behind the breach of oath. This is preposterous. The time has come that we should consider very seriously whether there should not be a penal sanction against the breach of constitutional oath in the same manner in which we have provided that there shall be the loss of seat if there is the betrayal of the electorate by a member through defection. Which is the greater crime—the crime against the electorate when he defects to another political party, or the crime against the nation as a whole when he betrays the

[Shri Madan Bhatia]

values of the Constitution and endangers and questions the integrity and sovereignty of India?

Thirdly, section 123(3) of the Representation of People Act provides that a member shall become disqualified if he seeks to gather electoral support by appeal to religion, caste or community. But what about a political party which functions from religious places, which operates through religious idioms, which seeks to gather its political support by appeal to the religious sentiments of a particular community? We condone that in the name of democracy. Is it not preposterous? This anomalous situation was brought to the notice of this nation more than 20 years ago by the Supreme Court in Kultar Singh's case to which I would like to draw the attention of this hon. House. The Constitution Bench of the Supreme Court said in 1965:

> "It is well known that there are several parties in this country which subscribe to different political and economic ideologies, but the membership of them is either confined to or predominantly held by members of particular communities or religions. So long as law does not prohibit the formation of such parties and in fact recognises them for the purpose of election and parliamentary life, it would be necessary to remember that an appeal by candidates of such parties for votes may if successful, lead to their election and in an indirect way may conceivably be influenced by considerations of religion, race, caste; community or language".

Time has come, Sir, for us to consider what legislative and constitutional changes are necessary to remove this preposterous situation in the electoral process of the country so that such political communal parties are debarred from participating in the electoral process of the country.

And lastly, Sir, our Founding Fathers of the Constitution opted for a Cabinet system of Government based on majority in Parliament. They were nurtured in British traditions. They had been educated in British traditions. They almost took it for granted that what was good for Britain would be good for India. It is time for us to consider, from our experience in the last 40 years, whether the present system of government has retarded or accelerated the forces of nationalism and secularism in this country. In this regard, let us not forget that if people belonging to different rligions and different nationaliies were assimilated into one unified nation in the United States, the contribution which was made by the system of government adopted by the United States under its Constitution was not insignificant. Sir, now I will deal with the defence and foreign policy of the country. There was a sharp deterioration in the security environment of India in the last one year. The visit of Mr. Gorbachev was not only highly successful and vindication of the abiding and deep friendship between India and the Soviet Union. It was of the same significance and of the same piece as the conclusion of the Indo-Soviet Friendship Treaty in 1971.

There was a massing of troops by Pakistan in the month of January. This posed a danger to the security of India, but the alertness with which this Government detected the movement of the troops of Pakistan from the Jhelum-Chenab sector to the Chenab-Ravi sector and the speed with which the Government deployed the troops of India along the frontiers is an eloquent testimony not only to the defence preparedness of the Government but its total and complete vigilance and competence. Sir, in this regard we have followed a policy towards Pakistan, one of pursuit of friendship but coupled with vigilance and total defence preparedness. Let us not forget that unless and until democracy strikes deep roots in Pakistan, unless the commonness of language, culture and history triumphs over the legacy of tragedy of Partition, India will never be able to ensure peace with Pakistan--until and unless the military rulers of Pakistan realize that India has the will and the means to destroy its military machine altogether if it chooses to get entangled with us. We cannot forget our lesson of 1962, that the foreign policy of the nation must be backed with the power of our guns, with the invincibility of our Air Force and

Navy, with the mettle of our soldiers, our sailors and our fliers.

The last, Sir, about the economic policy. I shall not go into the details because the bell has rung. But I would only pose a few questions. Which is the developing country in this world which has faced so many challenges to its external security? Which is the developing country in this world which has faced such stupendous threats to its internal integrity? Which is the developing country in this world which has relied solely on its own economic resources to build up its defence and all other resources necessary to deal with evil? And which is the developing country in this world which has engaged itself on such a massive scale in the social and economic welfare activities of the State for such a vast multitude of people in different fields—education, health family planning, antipoverty programmes and so on and so forth? If despite this tremendous strain on the limited resources of India this Government, in the last one year, has been able to ensure to the nation five per cent national growth and seven to eight per cent industrial growth and has been able to maintain its steady agricultural progress in spite of so many droughts, it is no mean achievement.

Sir, to close, India expects the present leadership to play the role of an Abraham Lincoln. India expects the Members of this honourable Parliament to rise to the occasion above the partisan considerations and the requirements of the parties to which they belong and answer the call of the nation. Wordsworth, recalling the French Revolution, wrote:

> "Bliss was it in that dawn to be alive,
> But to be young was very heaven:"

If today we rise to the full stature of India's destiny and take the ship of India into the placid water of peace, communal harmony and one unified nation, in the years to come we shall be able to remember with pride that we belonged to a Parliament which did not fail India, we belonged to a Parliament which kept its tryat with the survival if India as a strong, stable, secular and unified nation state.

Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): The House now stands adjourned to meet at 2-30.

> The House then adjourned for lunch at thirty-one minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirtytwo minutes past two of the clock. THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA) in the Chair.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे खेद है कि मैं राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण के लिए उन्हें धन्यवाद देने का जो प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है उस के साथ अपने को सम्बद्ध नहीं कर सकूंगा। मैं राष्ट्रपति जी को अलग से धन्यवाद देना चाहूंगा। उन्होंने, इंडियन पोस्टल बिल के संबंध में, जो उनके हस्ताक्षर के लिए गया है, जो रवैया अपनाया है, हम उस की सराहना करते हैं और हम आशा करते हैं कि सरकार राष्ट्रपति जी की आपत्तियों को ध्यान में रख कर उस विधेयक में उचित संशोधन करेगी। जब उस विधेयक पर इस सदन में चर्चा हो रही थी, सारा प्रतिपक्ष एक था लेकिन हमारी बात किसी ने सुनी नहीं। संचार मंत्री श्री अर्जुन सिंह ने तो उस विधेयक की चर्चा के दौरान मुंह खोलने की भी जरूरत नहीं समझी। सारा भार सन्तोष मोहन देव के ऊपर डाल कर सन्तोष कर लिया।

प्रधान मंत्री बार-बार यह बात कहते हैं कि हम प्रतिपक्ष को साथ लेकर चलना चाहते हैं। क्या वह केवल उन्हीं मामलों में साथ लेकर चलना चाहते हैं जिन में मुसीबत पर फंस जाते हैं या और मामलों में भी उन्हें प्रतिपक्ष की सलाह और सहयोग की आवश्यकता है? पोस्टल बिल के सवाल पर सारे विरोधी दल एक राय के थे। हमने संशोधन प्रस्तुत किये मगर उन्हें ठुकरा दिया गया। मैं चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी ने जो आपत्तियां की हैं उन्हें, इस समय राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के बीच में जो शीत युद्ध चल रहा

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

है उसका एक मुद्दा नहीं बनाया जायेगा। पोस्टल बिल का गुण और दोष के आधार पर मूल्यांकन होना चाहिए। मैं राष्ट्रपति महोदय को उनके रवैये के लिए बधाई देना चाहता हूं।

जहां तक अभिभाषण का प्रश्न है यह भाषण जरूरत से ज्यादा लम्बा है, उबाऊ है, रसहीन है, गंधहीन है, प्रेरणाहीन है। मैं तुलना कर रहा था राष्ट्रपति के पुराने भाषण से जो उन्होंने 17 जनवरी, 1985 को दिया था। वह आम चुनाव के बाद का भाषण था, था तो वह भी—राष्ट्रपति का अभिभाषण ही। लेकिन भाषण छोटा था, प्राणवान था, आत्म-विश्वास से परिपूर्ण था। वह आठ पेज का भाषण था। वतमान भाषण 19 पेज का है। जैसे जैसे कारगुजारियां कम होती जा रही है, पन्ने बढ़ते जा रहे, हैं परिच्छेदों में वृद्धि होती जा रही है।

आप दोनों भाषणों को पढ़ें तो पता लग जायेगा कि देश की परिस्थिति में कितना भारी परिवर्तन हो गया है। आज मैं कांग्रेस के एक सदस्य का भाषण सुन रहा था। दो साल पहले प्रधान मंत्री ने सत्ता संभाली तो इस देश की जनता के मन में आशाओं के छोटे-छोटे दीपक जले थे। चुनाव का परिणाम कुछ भी रहा हो, हमें पराजय देखनी पड़ी, लेकिन भारत की जनता ने जिस संगठित शक्ति के साथ लोकतांत्रिक तरीके से चुनौती का उत्तर दिया, उसका सामना किया, उस पर हमने और सारी दुनिया ने बधाई दी। लेकिन आज सारी दुनिया पूछ रही है दो साल के भीतर क्या हो गया है? हम किधर जा रहे हैं? वे आशाओं के दीपक बुझते क्यों जा रहे हैं। हर वर्ग में और हर क्षेत्र में असंतोष क्यों व्याप्त हो रहा है? क्या प्रधान मंत्री और उनके सहयोगियों ने कभी इस बात पर सोचा?

पंजाब में कल 14 लोग मारे गये हैं। उनमें तीन आतंकवादी भी हैं। ग्यारह निर्दोष लोग मारे गये हैं। इन निर्दोष लोगों को मारने का सिलसिला कब तक चलेगा? सर्वदलीय अभियान ठीक है। मगर सर्वदलीय अभियान की बात राष्ट्रपति ने पिछले साल भी अपने अभिभाषण में कही थी। मैं उद्धृत करना चाहता हूं—"यह जरूरी है कि सभी धर्मनिरपेक्ष और लोकतंत्री ताकतें हमारे संविधान में शामिल राष्ट्रीयता, धर्म-निरपेक्षता, लोकतंत्र और समाजवाद के उन मूल्यों पर जो भारत की एकता का आधार है, रक्षा के लिये मिलकर एक जन अभियान चलायें।" पूरा साल बीत गया, वह जन अभियान नहीं चला। जिस तरह की बैठक अभी चंडीगढ़ में आयोजित की गई है, क्या वह पहले नहीं की जा सकती थी। विरोधी-दल कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर पंजाब के गांव-गांव में जाने के लिये तैयार था। लेकिन कांग्रेस का दिमाग साफ नहीं था। पंजाब की कांग्रेस एक भाषा बोल रही थी, केन्द्र में बैठा हुआ नेतृत्व दूसरी भाषा बोल रहा था।

मैं एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा करना चाहता हूं। पंजाब की राजनैतिक परिस्थिति बिगड़नी शुरू हुई शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव में श्री तोहड़ा की विजय के साथ। श्री तोहड़ा की विजय में केन्द्र के कुछ नेताओं की क्या भूमिका थी? क्या आप सचमुच में बरनाला का समर्थन करना चाहते हैं? एक व्यक्ति तिहाड़ जेल में बन्द था। वह चुनाव के एक दिन पहले छोड़ दिया गया। उसे पंजाब ले जाया गया वोट डालने के लिये। दूसरा मतदाता कनाडा से आया था... (व्यवधान)

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल (पंजाब) : श्रीमन, मैं एक बात कहना चाहता हूं। उसको कोर्ट ने छोड़ा था।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्या सरकार ने उसको जमानत पर छोड़ने के लिये कहा था?

श्री हरवन्द्र सिंह हंसपाल : मुझे यही कहना है कि उसको कोर्ट ने छोड़ा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभाध्यक्ष महोदय, एक व्यक्ति जो कनाडा

में जाकर बस गया है, अभी तक प्रबंधक कमेटी का मेम्बर बना हुआ है । वह वोट डालने के लिये दिल्ली आया । वह विदेशी हो गया है । उसे पंजाब जाने के लिये केन्द्रीय सरकार की अनुमति की आवश्यकता थी । वह अनुमति कैसे दी गई. तीसरा मेम्बर बारामूला में फंसा हुआ था, बर्फ में धंसा हुआ था । उसके लिये निकलना मुश्किल हो रहा था । प्रधान मंत्री सचिवालय से टेलीफोन गया । उस व्यक्ति को बारामूला से तोहड़ा के पक्ष में वोट डालने के लिये लाया गया । तोहड़ा विजयी हो गये तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । यह तरीका पंजाब की परिस्थिति के साथ निपटने का नहीं है...(व्यवधान) मैं जो कुछ कह रहा हूं, गंभीरता के साथ कह रहा हूं ।

श्री हरबेन्द्र सिंह हंसपाल : श्रीमन्, जब सीक्रेट बेलट है तो सरकार के ऊपर इस तरह के इल्जाम लगाना गलत है। सरकार ने वोट डलवाये, इसके लिये इनके पास प्रूफ क्या है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हंसपाल जी, आप इसमें क्यों फंसते हैं ?

श्री हरबेन्द्र सिंह हंसपाल : मैं तो टैक्निकल बात कह रहा हूं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं टेक्निकल बात नहीं कह रहा हूं ।

श्री हरबेन्द्र सिंह हंसपाल : गलत बात मत कहिये, ठीक बात कहिये ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं उस चुनाव में केन्द्रीय सरकार के कुछ नेताओं की भूमिका की जांच मांग रहा हूं । अगर मैं गलत साबित हूंगा तो मुझे खुशी होगी । लेकिन पंजाब में आप राजनीति मत करिये । एक बार राजनीति ने पंजाब को बिगाड़ा है । माफ कीजिये, धर्म ने पंजाब को इतना नहीं बिगाड़ा है जितना सत्ता के प्यासे राजनैतिज्ञों ने बिगाड़ा । एस० जी०पी सी० के चुनाव के बाद गुरुद्वारों पर कब्जा कर लिया गया ।...(व्यवधान)...में अपनी बात कर रहा हूं तो भी आपकी बात कर रहा हूं । हम सब गुनहगार हैं, दोषारोपण का समय नहीं है अगर हर एक जरा अपने गिरेवान में मुंह डालकर देखे । आज बरनाला की तारीफ की जा रही है । राष्ट्रपति के अभिभाषण में किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम लेकर उसकी कभी तारीफ नहीं की जाती । यह एक असाधारण स्थिति है । बरनाला का असली इम्तिहान होना अभी बाकी है । उन्होंने थोड़ी सी दृढ़ता दिखाई हम भी उसके प्रशंसक हैं । हंसपाल जी बैठे हुये हैं । बरनाला जनता के समर्थन पर चुने गये हैं और हमने भी उनका साथ दिया है, मगर बरनाला सरकार अपने को पंथक सरकार कहती है । वे पंथक कमेटी से लड़ाई करना चाहते हैं और उसका ही रूप धारण किये हुये हैं । उनकी नीतियों और व्यवहार में भेदभाव है । इस सारे भेदभाव को बनाये रखते हुए सारे पंजाब की जनता को आतंकवाद से लड़ने के लिये कैसे संगठित किया जायेगा इस पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है । हमने मांग की थी और सचमुच मांग की थी और केन्द्रीय सरकार ने इस सदन में 249 के अन्तर्गत प्रस्ताव पास कर दिया लेकिन यह प्रस्ताव अलमारी में पड़ा हुआ है, उस पर अमल नही हुआ। केवल भारतीय जनता पार्टी फौज की मदद ली जाये इसकी मांग नहीं कर रही है हम चाहते है कि पंजाब पुलिस, पैरा मिलिटरी फौर्स आतंकवाद को दबा सकें और निर्दोष व्यक्तियों की हत्याओं को रोक सकें। अगर ऐसा होता है तो हमें खुशी होगी। लेकिन अगर

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

इसके लिये सीमावर्ती जिलों में सेना की आवश्यकता पड़े तो सेना को बुलाने में संकोच क्यों होना चाहिए ? मेरे पास कम्युनिस्ट नेता सत्यपाल डांगे का लेख है मेरे पास समय नहीं है जो कि उसको पूरा उद्धृत करूं लेकिन उसका कुछ अंश यहां पर पढना चाहता हूं :

"All this, however, should not, rule out the use of the army by civil authorities when there is compelling need for the same and only to the extent absolutely necessary-maybe, flag marches, maybe patrolling-maybe something else."

श्री डांगे ने आगे यह भी कहा है कि ब्लू-स्टार के समय सेना को पंजाब में बुलाया गया और उस पर अपने अधिकारियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है। ये सारे आरोप सही नहीं हैं। उनका कहना है कि सेना ने जो काम किया उसका भी सही मूल्यांकन होना चाहिए।

मैं पूछना चाहता हूं कि पंजाब में आतंकवाद का उन्मूलन करने के जन-अभियान के अलावा सरकार के पास कौन सा और ठोस कदम है ? प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि वे संविधान में संशोधन करेंगे। उन्होंने पहले भी संविधान में संशोधन करने के बाद जो 249 के अंतर्गत था उस पर अमल नहीं किया और अब क्या फिर संविधान में संशोधन होगा ? सर्वप्रथम सरकार को पंजाब के निर्दोष लोगों की हत्या रोकनी चाहिए अन्यथा जन-अभियान को जितनी सफलता मिलनी चाहिए उतनी सफलता नहीं मिलेगी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हुक्मनामे जारी किये जा रहे हैं, उन पर आपत्ति होनी स्वाभाविक है। हम धर्म स्थानों से राजनीति का नियंत्रण नहीं होने दे सकते। यहां मैं जब धर्म की बात कहता हूं तो मेरे मन में "रिलीजन" है। धर्म का एक व्यापक अर्थ है इस समय मैं इसकी व्याख्या नहीं करना चाहता। सठे साहब यहां बिराजमान हैं। महाराष्ट्र के लोग शब्द की खाल खींचने में माहिर हैं। वे बाल की खाल निकालते हैं और खाल से बाल निकालते हैं। यह प्रश्न केवल पंजाब तक सीमित नहीं है। अभी मुस्लिम मशावरात का एक ब्यान मेरी नजरों के सामने आया है। 9 फरवरी को यह ब्यान नयी दिल्ली से प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि कुछ राज्यों में चुनाव होने वाले हैं और इन राज्यों में मुसलमान इस तरह से वोट करें कि जिससे मुस्लिम आइडेंटिटी, मुस्लिम डिगनिटी, मुस्लिम सिक्योरिटी इनका विचार किया जाये।

"The statement issued by Mushavrat's General Secretary. Ahmad Ali Khasim, says that in three States facing polls—Jammu and Kashmir, West Bengal and Kerala, Muslims form a large share of the population. It is 64 per cent in J&K, 22 and 21 in West Bengal and Kerala, respectively. The Mushavrat has called on all Muslims to vote for candidates keeping in mind their policies and....."

पालिसीज में उन्होंने कोई आर्थिक विषयों की बात नहीं की है। आखिरी पैरा मैं उद्धृत करना चाहता हूं :

"The Mushavrat appeals to the Muslim community that in their constituency they should select one candidate carefully and vote him unitedly and solidly so that the candidate of their choice is not only elected but knows that he has been elected only due to Muslim support.

इस मुशावरात में कौन सी संस्थाएं शामिल हैं ? किन तथाकथित सेक्युलर दलों के कौन नेता शामिल हैं ? बोहरों के एक नेता हैं, बहुत आदरणीय नेता हैं, मैं उनकी शान के खिलाफ कुछ नहीं कहना चाहता हूं, मगर बोहरा समाज में जो प्रगति और फट्टरपन है इसमें एक संघर्ष चल रहा है और स्थिति यहां तक बिगड़ जाती है कि अगर उनके गुरु की बात कोई न माने, सैय्यदना साहब की बात कोई न माने तो उसे कब्रिस्तान में दफन होने का अधिकार भी नहीं मिलता। एक मौका आ गया है, हिम्मत के साथ फैसला करिए।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में एक उल्लेख आया है। मैं नहीं जानता क्यों उल्लेख किया गया है। मगर सचमच उल्लेख किया गया है। गांधी जी की हत्या के बाद जो परिस्थिति पैदा हुई थी उसकी तरफ इशारा है। लेकिन आगे कुछ नहीं कहा गया है। अप्रैल, 1948 में हमारी संविधान सभा ने एक प्रस्ताव पास किया था जिसमें सरकार से कहा गया था कि वह भारत के राजनीतिक जीवन से फिरकापरस्ती को खत्म करने के लिए कदम उठाये। इससे सिर्फ दो महीने पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या हुई थी, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं के दिमाग में दर्दनाक हत्याओं की याद अभी ताजा थी।

संविधान सभा के प्रस्ताव का उल्लेख कर दिया। बात अधर में छोड़ दी। क्या ऐसे राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता जिनके द्वार हर भारतीय के लिए खले नहीं होंगे। यह काम तो चुनाव कमीशन कर सकता है। जो एक सम्प्रदाय तक सीमित है वह धर्म का काम करे, सांस्कृतिक काम करे। लेकिन जिन्होंने केरल में मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन किया है, मरी हुई मुस्लिम लीग को जिंदा कर दिया है, जो हैदराबाद में लोकसभा की सीट जीतने के लिए मजलिसे इतिहादुल मुसलमीन का समर्थन ले रहे हैं, उसके व्यक्ति को हदराबाद का मेयर बना रहे हैं वे जब साम्प्रदायिकता से लड़ने की बात करते हैं तो खोखलापन नजर आता है कथनी और करनी में कोई तो समानता होनी चाहिए। एक तरह की साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देकर आप दूसरे तरह की साम्प्रदायिकता से नहीं लड़ सकते।

इस समय हिंदू समाज में जो प्रवृतियां पैदा हो रही हैं वह मेरे मन में चिंता जगा रही हैं। हिंदुओं ने अगर अपनी उदारता छोड़ दी, हिंदू अगर संकीर्ण हो गया, संकुचित हो गया तो इस देश का भविष्य अंधकार में मिल जायेगा। मगर हिंदू के मन में आज एक प्रतिक्रिया पैदा हो रही है क्योंकि राजनीतिक दलों को वोटों की चिंता है। पंजाब का मामला भी वोटों ने बिगाड़ा।

पंजाब में साम्प्रदायिकता को कुछ सीमा तक दोष दे सकते हैं। लेकिन गोरखालैंड में क्या हो रहा है। श्री सुबास घीसिंग तो हिंदू हैं वहां हिंदू, सिख, मुसलमान का सवाल नहीं है। केन्द्र सरकार ने परिस्थिति को इस तरह से मिस हैंडल किया है कि श्री सुबास घीसिंग बिना बनाये हुए, सब गोरखाओं के, नेपालियों के नेता बन गये हैं। उन्हें एकमात्र प्रवक्ता बना दिया गया है। मैं अभी सिलीगुड़ी गया था। वहां आल्टरनेट डेज़ पर बंद हो रहा है, मजदूर भूखों मर रहे हैं, कार्य-व्यवहार अस्त-व्यस्त है। थाने पर हमला हुआ, सिपाही मार दिये गये घीसिंग को दिल्ली बुलाया जाता है, उनसे बातचीत की जाती है। किस बात पर बातचीत की गई थी? क्या बातचीत के पहले यह शर्त नहीं लगाई जा सकती थी कि वह हिंसा का परित्याग करें? क्या पश्चिम बंगाल की मार्क्सिस्ट सरकार के लिए सरदर्द पैदा करना, इतना ही काफी है? यह तरीका नहीं है देश की एकता और अखण्डता को बचाने का।

एक बार इस तरीके के कारण देश गहरी मुसीबत में फंसा था। हम समझते थे कि प्रधान मंत्री आयेंगे, नये रास्ते पर चलेंगे—श्री फिरोज गांधी के रास्ते पर चलेंगे। थोड़ा चले भी। प्रधान मंत्री की स्वाभाविक प्रतिक्रियाएं ठीक होती हैं। आज सवेरे ही मझे उनसे मिलने का मौका मिला था। एक विषय पर मैंने चर्चा की, मैंने देखा कि उनका जो स्पांटेनियस रीएक्शन था, वह ठीक था। मैं नहीं जानता कि उस मामले में क्या होगा? उसका मैं उल्लेख यहां नहीं कर रहा हूं। कौन उन्हें सलाह देता है? किस तरह से वह काम करने लगे हैं? एक-एक करके अपने वायदे भूलते जा रहे हैं।

राष्ट्रपति के पुराने भाषण में जो 17 मार्च, 1985 का भाषण है, राष्ट्रपति जी ने घोषणा की थी —

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

"The Government are committed to a clean public life. They intend to engage in wide-ranging discussions on electoral reforms with political parties and welcome their co-operation."

दो साल बीत गये, कोई चर्चा शुरू नहीं हुई है। इलेक्शन कमीशन ने विरोधी दलों को और सत्तारूढ़ दल को, किसी बैठक के लिए नहीं बुलाया है। क्या वर्तमान चुनाव प्रणाली में सत्तारूढ़ दल का निहित स्वार्थ है? धन-शक्ति बढ़ रही है, गुंडा शक्ति बढ़ रही है।

अभी हरियाणा में एक उप-चुनाव हुआ था। मुख्य मंत्री जहां से लड़ रहे हैं, वहां का तो उप-चुनाव हो गया, बाकी की सीटें खाली पड़ी हैं। सब सीटों पर उप-चुनाव क्यों नहीं करवाये गये? मुख्य मंत्री का कोई विरोध नहीं था, विरोधी दल चुनाव का बहिष्कार कर रहे थे। 92 प्रतिशत से ज्यादा पोलिंग हुआ है, बोट गिरे है। किसने वोट डाले है 92 प्रतिशत, क्या इसकी जांच नहीं होनी चाहिए? मैं यह मामला उठाऊंगा, तो कई मेम्बर खड़े हो जायेंगें और कहेंगे कि आप इलेक्शन पेटीशन दाखिल करिए।

उपसभाध्यक्ष जी, यह मामूली बात नही है, इसको थोड़ी गहराई में जाना पड़ेगा। अब क्लीन पालिटिक्स की बात नहीं हो रही है। वही पुराना ढर्रा फिर से आ रहा है।

7 मार्च, 1985 को प्रधान मंत्री ने हैदराबाद में भाषण दिया था कि रिजर्वेशन का सवाल बहुत उलझा सवाल है, नाजुक सवाल है। प्रधान मंत्री ने कहा था कि यह सवाल — "It is getting out of hand" नौकरियों में और शिक्षा संस्थाओं में रिजर्वेशन का मामला प्रधान मंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद मैं इस पर विरोधी दलों की सलाह लूंगा और एक कानसेंसस निकालूगा। आपको याद है कि मध्य प्रदेश में और गुजरात में अचानक रिजर्वेशन का प्रतिशत बढ़ा दिया गया था। दंगे हुए। गुजरात में उन दंगों को सत्ता पक्ष ने साम्प्रदायिक रूप दिया। सोलंकी को जाना पड़ा। अगर दो साल बीत गये, रिजर्वेशन का वह सेंसटिव इशु अभी भी पड़ा हुआ है। प्रधान मंत्री को समय नहीं है या किसी ने उनको सलाह नहीं दी है कि इस विषय पर विरोधी दलों से मिल कर कोई कासेंसस निकालिये, कोई आम राय निकालिये अभी केरल में करूणाकरन की सरकार ने चुनाव के पहले 15 परसेंट रिजर्वेशन का क्वांटम बढ़ा दिया गरीबी के आधार पर जब मुसलिम लीग ने धमकी दी, उसे वापिस ले लिया। नायर सर्विस सोसाइटी ने कहा कि अगर आप इसको वापिस लेंगे तो हम आपका साथ नहीं देंगे। मुख्य मंत्री कहने लगे कि अभी आ जाओ, चुनाव के बाद देखा जाएगा। क्या रिजर्वेशन भी बोट हथियाने का औजार है, या पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाने का साधन है? क्या हर चीज को बोट से जोड़ा जाएगा, इसका नतीजा क्या होगा? और फिर हम एकता की बात करेंगे, फिर हम अखंडता की दुहाई दें। एकता और अखंडता को बचाने का यह तरीका नहीं है।

उपसभाध्यक्ष जी, चीन के बारे में मुझे चिंता है पाकिस्तान के बारे में कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये है। मैं समझता हूं कि अभी पिछले कुछ दिनों में जो तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी, उस स्थिति को टाला जा सकता था। मैं उन दिनों अहमदाबाद में था। पत्रकारों ने मुझसे पूछा कि क्या भारत और पाकिस्तान में लड़ाई होगी? मैंने कहा कि दोनों देशों के नेता बुद्धिमान है, वे लडने की गलती नहीं करेंगे लेकिन बाद में लगा कि शायद मेरा मूल्याकन सही नहीं है। लड़ाई होते-होते टल गई। प्रधान मंत्री को जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री श्री जुनेजो बंगलौर में मिले थे तो क्या उस समय सारी स्थिति को साफ नहीं किया जा सकता था? हम राजस्थान में एक्सरसाइज कर रहे हैं इसके बारे में पाकिस्तान को पता था। दोनों देशों में यह प्रबन्ध भी है कि हम एक दूसरे को जानकारी दें। फिर गलतफहमी कहां पैदा हो गई? क्या दिल्ली से संपर्क करने से गलतफहमी दूर नहीं हो सकती थी? जुनेजो के बंगलौर आने से पहले हमारे सचिव पाकिस्तान की यात्रा कर चुके थे, यह मामला दोनों देशों के

बीच में उठाया जा सकता था। अब मैं कई दिनों से सुन रहा हूं कि पाकिस्तान पर यह आरोप नहीं लगाया जा रहा है कि वह पंजाब के आतंकवादियों की मदद दे रहा है या हथियार दे रहा है। क्या यह मामला बात-चीत से हल हो गया है? हो गया है तो मुझे बड़ी प्रसन्नता होगी। लेकिन फिर भी चलते-चलते राष्ट्रपति के अभिभाषण में एक वाक्य कह दिया गया है, पंजाब के संबंध में जो इस प्रकार है: ये अराष्ट्रवादी तत्व विदेशी सूत्रों के इशारे व नियन्त्रण में काम कर रहे है। ये विदेशी सूत्र कौन हैं? इनके नाम लीजिए, इनका थोड़ा परिचय दीजिए अगर पाकिस्तान नहीं है, क्योंकि पाकिस्तान से अब हमारे संबंध सुधरे हैं इस सवाल पर खुली चर्चा हो रही है, तो कौन है? अमरीका है अगर अमरीका है तो क्या बरीयता के आधार पर यह मामला अमरीका से उठाया गया? कनाडा के विदेश मंत्री हमारे देश में थे उनके साथ इस सवाल पर क्या संतोषजनक वार्ता नहीं हुई है? कब तक हम दूसरों पर दोषारोपण करते रहेगें अगर धर की स्थिति बिगड़ेगी तो पड़ोसी जरुर उसका लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। लेकिन हम घर की स्थिति को बिगड़ने क्यों देते है? क्या घर की स्थिति को ठीक रखना हमारी जिम्मेदारी नहीं है? सीमा पर पिछला तनाव हुआ और तनाव में गोली तो कोई नहीं चली मगर रक्षा मंत्री शहीद हो गए। **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य: वित्त मंत्री।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : रक्षा मंत्री जी का कद छोटा कर दिया गया है। मेरा मतलब है अरुण सिंह जी से। **(व्यवधान)**

श्री सुखदेव प्रसाद (उत्तर प्रदेश): यह आपके बोलने का तरीका है, इससे हमारे उपर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : । नहीं, नही, कोई फर्क नही है। हम चाहते भी नहीं है। हम आपमें कोई फर्क डालना भी नहीं चाहते है :- -**(व्यवधान)** उप सभाध्यक्ष महोदय, अगर आप घंटी बजायेंगे तो फर्क पड़ जायेगा। जब तनाव था तब रक्षा मंत्री नहीं बदले गए। जब सिच्युएशन डिफ्यूज हो गई तो श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को रक्षा मंत्रालय सौंप दिया गया यह कैसी स्थिति है कि जब तनाव होता है तो हमारे प्रधान मंत्री दूसरा रक्षा मंत्री ढुंढते है। शांति के काल में तो रक्षा मंत्रालय प्रधान मंत्री के पास रहना चाहिए □.□.□.□

श्री एन०के०पी० साल्वे (महाराष्ट्र): तफसील से बताइये कि यहां जिस वक्त तनाव चरमसीमा पर पहुंचा था तो उस वक्त कौन रक्षा मंत्री थे और अब जब तनाव कम हुआ तो कौन रक्षा मंत्री थ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप यह देखेंगे कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को रक्षा मंत्री बनाने की घोषणा उस समय की गई जब तनाव अपने उतार पर था। मैं एक सवाल और उठाना चाहता हूं। क्या शांतिकाल में प्रधान मंत्री रक्षा-मंत्री रहेंगे, अगर तनाव का काल आता है तो दूसरे को रक्षा मंत्री बनायेंगे (व्यवधान) क्या इससे प्रधानमंत्री की छवि उजागर होती है? **(व्यवधान)**

श्री एन०के०पी० साल्वे : एक बात तो पक्की हो गई कि छोटा इनको नहीं किया है जब तकलीफ में आये तब इनको लेकर आये।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभाध्यक्ष जी, बजट पेश होने वाला था, बजट की तैयारी हो रही थी, अरुण सिंह जी अच्छा काम कर रहे थे, प्रधान मंत्री के पास रक्षा मंत्रालय था तो बदलने की जरूरत क्या थी अब उन्होंने कहा कि डायरनैसिसिटी थी, आज वे आप सदन में नहीं है, मैं प्रधानमंत्री से पूछता हूं कि डायर नेसैसिटी क्या थी? क्या प्रधान मंत्री देश की रक्षा का भार नहीं संभाल सकते?

3.00 p.m

क्या बजट के सत्र के असवर पर वित्तमंत्री बदलना जरूरी है? क्यों बदला गया, यह अभी रहस्य है, हम इस रहस्य की खोज में लगे है, जब हमारे हाथ में कुछ लग जायेगा तो हम सदन के सामने रखेंगे मगर एक बात साफ है कि यह निर्णय जितना ऊपर से निर्दोष दिखाई देता है, उतना है नहीं।

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

अब मैं चीन के बारे में एक बात कहकर खत्म कर दूंगा दो साल पहले जब भाषण हुआ था हमारे राष्ट्रपति जी का, तो उन्होंने 17 जनवरी, 1985 को कहा था :

"Our relations with China have shown improvement. We shall persevere in seeking a solution to the boundary question."

अब दो साल में हालत बदल गयी । इस बार राष्ट्रपति जी ने जो कुछ कहा है, उसको भी मैं उद्धृत करना चाहता हूं :—

"My Government continues to strive for a just and peaceful settlement of the border question with China. The question remains crucial to full normalisation of our relations."

अगर दो साल पहले संबंध सुधर गए थे तो संबंध बिगड़ क्यों गए ? सीमा पर तो बातचीत चल रही है, सात चक्र हो चुके है, 1979 में चीन के साथ समझौता हुआ था कि जब तक सीमा का प्रश्न बातचीत से हल किया जाएगा, तब तक सीमा पर यथास्थिति बनाये रखी जायेगी, शांति बनाये रखी जायेगी। चीन ने उस समझौते को क्यों तोड़ा अरुणाचल में चीन ने पहली बार कब प्रवेश किया ? उसके बारे में तत्काल संसद को, देश को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया ? कुल मिलाकर चीन ने अरूणाचल में कितनी घुसपैठ की है ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि चीन के रवैये में यह परिवर्तन क्यों हुआ ? अंतर्राष्ट्रीय परिस्थिति बदल रही है । उस परिस्थति पर, बदली हुई परिस्थिति पर हमें नजर रखना चाहिए । पाकिस्तान के प्रति सजग रहे, सतर्क रहें, मगर भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है । पाकिस्तान के मित्र हैं तो भारत भी मित्र विहीन नहीं है । भारत को आत्म विश्वास के साथ अपनी विदेश नीति का संचालन करना चाहिये ।

मैं दो दिन मद्रास में था । तमिलनाडु के लोग दुखी हैं कि श्रीलंका की समस्या की ओर नई दिल्ली को जितना ध्यान देना चाहिये, नई दिल्ली ध्यान नहीं दे पा रही है । प्रधानमंत्री कहते हैं कभी, जयवर्धने ने हमको फाक्स कर लिया, हमको धोखा दे दिया, कभी-जो मिलिटेण्ट्स है वह हमारी बात नहीं सुनते । जाफना में लोग फंसे हुये हैं, उनके पास खाने के लिये अनाज नहीं है, बीमारी में दवा नहीं है । वे हमारे रक्त का रक्त हैं, हमारे मांस का मांस हैं । हम श्रीलंका में सैनिक हस्तक्षेप करें, इसका सवाल पैदा नहीं होता, मगर कुछ मानवता के भी तकाजे हैं । क्या जाफना में फंसे हुये लोगों की हम किसी तरह से मदद नहीं कर सकते ? केन्द्र सरकार इस सवाल पर विचार करे, उसे पूरे प्रतिपक्ष का समर्थन मिलेगा । लेकिन श्रीलंका के बारे में कोई निश्चित नीति नहीं है । जरूरत से ज्यादा सलाहकार हैं, सलाहकार भी बदले जाते हैं । मद्रास में मुझसे जो मिलने आये थे, कहने लगे—हमारी समझ में नहीं आता, दिल्ली में जाकर किस से बात करें क्योंकि पहले सलाहकार थे श्री जी० पार्थासार्थी, आजकल वह नहीं हैं, पहले भण्डारी जी थे, वह जा रहे थे कोलम्बो, लेकिन रास्ते में मद्रास में रोक लिया गया और बाद में वे कांग्रेस के दफ्तर में पाये गये । अब वह कांग्रेस पार्टी के सलाहकार हो गये हैं । कभी नटवर सिंह जी नक्शे में हैं, कभी चिदम्बरम् जी फैसले करते हैं । नाजुक मामले हैं, प्रधानमंत्री को सही और तर्कसंगत सलाह की जरूरत है, वह सलाह नहीं मिल रही है और इसलिये समस्याएं उलझती जा रही हैं । दो साल पहले जो तस्वीर थी, वह तस्वीर बदल गयी है, यह तस्वीर दुख देने वाली तस्वीर है । लेकिन यह आपकी करनी का परिणाम है । एक-एक करके लोकतांत्रिक संस्थाओं का अवमूल्यन मत होने दीजिये । आज एक प्रश्न पूछा गया सभापति जी, इलाहाबाद में कितनी जगह खाली हैं जजों की ? जवाब है कि 11 जगह खाली हैं । कब से खाली हैं । 1984 से । क्या जज बनाने लायक एडवोकेट नहीं हैं वहां ? या वहां के चीफ जस्टिस और मुख्य मंत्री में एक राय नहीं हो रही है ? लाखों मुकदमे पड़े हैं, किन्तु जजों की नियुक्ति नहीं कर सकते नियुक्ति

में भी भेदभाव करेंगे । आल इंडिया रेडियो का, टेलिविजन का दुरुपयोग करेंगे । इलेक्शन कमीशन एक खिलौना बना दिया गया है । क्या चीन के इलेक्शन कमिश्नर को बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिये ? हरियाणा में चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं ? बंगाल की सरकार पहल चुनाव कराना चाहती थी, उनसे कहा गया कि हम इकट्ठा चुनाव करायेंगे, रुको । अब तीन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, हरियाणा में चुनाव नहीं होंगे । कमीशन कहता है हरियाणा में कानून व व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है । मैं नहीं समझता मुख्य मंत्री बंसीलाल इस बात को मानेंगे । स्थिति सामान्य है । इलेक्टोरल रोल नहीं बने तो इसके लिये इलेक्शन कमीशन जिम्मेदार है । मगर चुनाव नहीं रोका जाना चाहिये । पुराने चीफ इलेक्शन कमिश्नर को आपने गवर्नर बना दिया, उनकी सेवाओं के लिये उन्हें पुरस्कृत कर दिया तो एक एक करके लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके आप लोकतंत्र को मजबूत नहीं कर सकते । अब समय आ गया है कि सत्तारूढ़ पक्ष पुनरावलोकन करे अपनी नीतियों का, आत्मालोचन करे अपने व्यवहार पर । विरोधी दलों को साथ लेने की बात किसी के गले के नीचे नहीं उतरेगी । चुनाव में भारी विजय के बाद आपने कहा था कि विरोधी दल कहां है, हमने विरोधी दलों का सफाया कर दिया है । 10+2+3—हमने मान लिया । आपको 400 से ज्यादा सीटें लोक सभा में मिल गई । अब देश की समस्याओं को हल करके दिखाइये । मगर देश की समस्यायें एक पार्टी के भरोसे हल नहीं होंगी । एक व्यक्ति कितना भी लोकप्रिय हो जाय, उलझी हुई समस्याओं में से रास्ता नहीं निकाल सकता । इसके लिये पोलिटिकल कान्सेंसस चाहिये । श्री राजीव गांधी जब आये थे तो हमें इसकी आशा बंधी थी लेकिन शायद उन्होंने सोचा कि इसमें पार्टी का हितसाधन नहीं होगा, पुरानी लकीर पर वापस चलो । इसके खतरनाक परिणाम होंगे । मैं इतना ही कहना चाहता हूं ।

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI VASANT SATHE): Mr. Vice-Chairman Sir, I have been listening to the speech of our learned friend, Shri Atal Bihari Vajpayee. Everyone knows that Shri Vajpayee is a master of words. As it is Said in Sanskrit

सरस्वती उनकी जिह्वा पर विराजमान है ।

So, very often I feel that in the flow of his language with some very high sincere sentiments, he cannot resist the temptation of running down for the sake of politics as it were which he himself says that we must not indulge in. But if you go through his speech carefully, you will find the entire effort has been not to elevate the national debate and bring to light actually the serious factors that today threaten the very integrity and unity of our country. If this is the concern of everyone, and I believe it is because I do not accept that there is even a single Member in this House who does not have the good of the nation or the country and its people at heart and, therefore, I felt a little bit pained because knowing Vajpayeeji, I know his capacity, and he can rise to a very great height. But, somehow I feel that this is also one of the maladies of present times that we all have, as it were, fallen for the immediate benefit of what we are trying to do, immediate gains, scoring debating points, without realising that this is really not taking the nation, not taking our people in the direction that we want. And I entirely agree with him when he says that this is going in the right direction cannot be the job only of the ruling party, whatever be its strength and majority. There is to be a consensus and at least one credit could be given. Suddenly, Sir, you find a wave as it were, when the present young Prime Minister came to power in 1984. There was a wave, praising him sky-high. Everyone vied with each other, to say: What a man! And now suddenly you find the same people, and surprisingly those very people, who criticised Mrs. Gandhi for all that she did, suddenly seeing merit in Mrs. Gandhi's actions and then compare and say, look, this is the departure. Let us consider one simple aspect. What did you expect him to do when he came? Give stability. The outstanding problems that had plagued the very unity of this country like Punjab, Assam, you expected that this young man knowing fully well that he did not have the experience

[Shri Vasant Sathe]

behind him, you expected that he would be able to tackle. You are criticising advisors, you are criticising everybody. Will it not be to his credit that he with courage tackled the problem of Punjab and tackled in what spirit? Success and failure can be judged with a hindsight but when he tackled it, what was the spirit behind? The spirit of democracy. Let us within the framework of democracy talk to the people concerned, call them, have a dialogue with them. Let the will of the people prevail. Let problems be resolved by ballot and not by bullet. And the way to solve the problem of Punjab, which has taken such a bitter turn particularly after the assassination of Mrs. Gandhi and aftermath in Delhi and other places, it needed tremendous courage and sagacity in the leader of the country to say, I will talk to Longowal, I will talk with Barnala, please come and tell us what we should do.

Vajpayeeji was criticising the attitude of the Congress after the Akali Dal and Barnalaji came to power. That shows what reservations the Congress Party itself had in Punjab. We are influenced by local considerations in our regions. That is a fact of life. But then it is for the leader who has to look to the national interest. And how did he rise to the occasion? He said: It does not matter even if my party suffers in the process but let democracy win; let unity be preserved; let the will of the people prevail. And amazingly, the Opposition leaders at that time with one voice, as it were, were demanding restoration of democracy and when that was done and Mr. Barnala and his Akali Dal came to power, soon our people and friends like Vajpayeeji started finding fault with the democratically-elected Government there, just because it did not suit them. Let us consider it seriously. Do you think this is a problem which can easily be resolved by sending army or by having President's Rule, as indeed was being asked for and demanded by the BJP? Sir, once you reverse the process of democracy, you know how difficult it is again, and here is a man in Punjab who is showing courage in the face of religious bigotry, obscurantism and fundamentalism of the worst kind. Should we stand by him or should we still find fault with him and say he should not have been named in the President's Address? I really do not know. From what height you fall to this level, to say whether his name should have been there or not? You yourself say that this is an extraordinary situation and, therefore, an extraordinary behaviour shown by a Chief Minister to defend the integrity of the country, to defend secularism of this country and to defend all the great values by which we stand! Even a mention of his name is being objected to. I feel sorry.

Then take the question of Assam or Mizoram for that matter. Could you sincerely say that Shri Rajiv Gandhi acted against the interest of this country in coming to an agreement with Laldenga, bringing him into the mainstream within the framework of our Constitution, within democracy? And there also, see the peaceful transformation that has been brought about.

So, point by point, whether it is Assam, whether it is Mizoram, whether it is Punjab, the action was intended to restore democracy and through democracy, preserve the unity of this country. All right; some problems may not get solved according to our wish completely. Punjab accord has not been implemented fully. But then, after all, there are many parties to the accord. It is not only the Central Government. Haryana is as much involved and, therefore, unless both agree, you cannot force it on them. It makes it very funny. We have a tendency to run with the hare and hunt with the hound. I remember the story of Panch Tantra, the story of the father, the son and the donkey. You must be knowing it. Everybody here, perhaps, knows it. What will happen if we were to adopt, if the Opposition were to adopt, an attitude; whatever it is you must criticise just because it is the ruling party. I have read some of the speeches made here. Shri Uupendra of the Telugu Desam, when he spoke, saw nothing good, economic, political foreign, everything failure; total failure.

SHRI B. SATYANARYAN REDDY (Andhra Pradesh): If you do something good...

SHRI VASANT SATHE: It is also a question of being able to see something good.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY: If you do something good, we will appreciate it.

SHRI VASANT SATHE: Should we ask you before what you will consider as good, do it and then get a certificate from you?

Sir, as I said, particularly on the integrity front; these were the steps taken and appreciated all round.

We talk about foreign policy. Vajpayeeji mentioned about China. I have not forgotten the time when he was the Foreign Minister and he must not have forgotten that incident when he was in Beijing, talking with the Chinese ...

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Not in Beijing: I was in China.

SHRI VASANT SATHE: Somewhere in China.

SHRI KALPNATH RAI: The Chinese were attacking Vietnam.

SHRI VASANT SATHE: He created a *faux paus*. ....

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: China attacked Vietnam. China did not attack India. Don't forget, Mr. Vasantrao Sathe.

SHRI VASANT SATHE: You expected China to attack India at that time?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: They have attacked. They are under occupation of your territory. (*Interruptions*).

SHRI VASANT SATHE: Sir, the fact remains ...

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam): Sir, I would like to remined the hon. Minister that during the Chinese aggression in 1962, the then Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru presented Assam and the entire North-East to China. Then, he said 'We are sorry for the people of Assam; we will try to recover it'.

SHRI VASANT SATHE: Sir, this is a total distortion. Can you prove that? This is a baseless untruth. This is the least I can say about it. To make such an allegation against Pandit Jawaharlal Nehru! Sir, the fact remains that as far as our foreign relations are concerned, we are cautious and we are safeguarding the national interest.

In regard to Pakistan, you want to treat it lightly. You say that it was not a serious situation and that it could have been handled. What would you have said if something had gone wrong? The forces like a pincer were on both sides of Amritsar . . .

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Amritsar?

SHRI VASANT SATHE: International politics is a tricky game. Yes. If they had come in, they would have cut off that whole portion. It would have been a move of just two days. If such a thing had happened, the Vajpayeeji and the whole House would have said what a total failure the policy of the Government has been. Then, we would have been faced with a situation of virtual Khalistan there. You cannot take chances. Therefore, if the Prime Minister made a fast move, moved his troops and then initiated talks also, it is that way alone that the talks could succeed. As far as Sri Lanka is concerned, you know, how delicate the problem is. Our entire sympathy is with the people who are being oppressed. But Sir, here again, the same situation. Can Vajpayeeji honestly say what he would have done? Sent the Army? How can you say that we are not taking care? The realities are well-known.

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): Why did you send the Army to Bangladesh? You answer my question.

SHRI VASANT SATHE: I did not put the question to you. I put the question to him. (*Interruptions*) *Sir*, I cannot have a slinging match with Mr. Gopalsamy.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: You can have it with me.

SHRI VASANT SATHE: With you, Yes. After all, you have to be on the same wavelength. As far as Bangladesh is concerned, the story is well known. We had more than a crore people here and it was their right, it was their fight. So, only when we were attacked from Pakistan—don't forget the actual movement of the army and here is the General sitting who was responsible for the action—referring to Shri Arora, our armies moved in Bangladesh. Therefore, do not confuse the isue.

SHRI V. GOPALSAMY: I remember the speech of Madam Gandhi. I will quote her speech.

SHRI VASANT SATHE: At least, you must know the history. So in international politics you cannot afford to be hasty, you cannot afford to do things which may do greater harm than good.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM (Tamil Nadu): We need not be hasty, we understand it, but for how long are you going to be patient? Tamils are being suppressed and massacred for the last three years. You are only showing lip sympathy and concern. What is your constructive alternative?

SHRI VASANT SATHE: This question could be put to the people of Tamil Nadu. What actual constructive help and assistance is being given and what is being done, all these things are not to be spelt out and told to the newspapers or broadcast on radio. Those who have the sympathy, those who know...

SHRI V. GOPALSAMY: This is the concern of India as a whole and not of Tamil Nadu people alone because you serve the people of Tamil Nadu.

SHRI VASANT SATHE: For those who are asking what the Government of India is doing, my reply is that nobody can do more than what the Government of India is doing under the circumstances and this is all that I can say. Ours is not lip sympathy.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: As far as African countries are concerned, you are leading a movement for them, you are mobilising world forces for economic sanctions, etc. but against Sri Lanka you are not taking any constructive steps, that is our case.

SHRI V. GOPALSAMY: Your Government is continuously being hoodwinked by Jayewardene.

SHRI VASANT SATHE: Unfortunately, our hon. friends do not know that it is this Government and its representatives who have been constantly talking not only with the Government of Sri Lanka but also with the militants and trying to resolve the matter. This matter is not something which can be forced on either side. This is a ticklish matter, this must be appreciated and realised. This is what our Government is doing. We have not let go a single moment. Practically, every month some one or the other is trying to meet, negotiate and find the way out. Therefore, it cannot be said that this Government has only lip sympathy to the problem of Sri Lanka.

SHRI V. GOPALSAMY: Your escalating policy has helped Sri Lanka and Jayewardene.

SHRI VASANT SATHE: Ultimately, in international politics, as I said, you have to be careful about your national interest. Today it has been declared that Pakistan has made a bomb, it has a bomb. Their own man, the Director Dr. Khan, has declared and this is what has appeared in the news. Under such circumstances, how can you say all is well cricket diplomacy is going on and, therefore, we do not have to be worried, we do not have to be concerned? This Government's attitude and our young Prime Minister's attitude is that we must be cautious, we cannot take chances as far as defence of India is concerned. And all the same our attitude is for having good relations, for having peaceful relations. On our side you cannot point out a single act which could be called 'provocative' to any of our neighbours, or to any one in the

world. That has not been the tradition of India and that has not been the tradition that is followed by this Government. Cautious, yes, we are and will continue to be because we cannot afford to take chances as far as defence and integrity of the country are concerned.

Let us not wax eloquent about growth of communal virus. The biggest responsibility of not allowing communalism to grow, a apprehension to grow in the minds of smaller groups or minorities is always on the majority and I also agree with Shri Vajpayee and I do not want to consider the word "Dharma" in its narrow definition. *Dhariyeti Eti Dharma*: The way of life that forges the whole society, the whole people—that way of life, that code of life is Dharma; that is our philosophy. And if that is our philosophy, then we must harken and call back that heritage which had the capacity to absorb all the streams that came. When you lost that capacity, when you became stagnant, it is then that you lost your Sanatana calibre. The world "Sanatana" is eternal, ever flowing—that character, that freshness of our heritage, of our culture, of our way of life. It is not in vain that it is written at the entrance of our Parliament:

अयं निज: परो वेति
गणना लघुचेतसाम् ।
उदारचरितानां तु
वसुधेव कुटुम्बकम् ।।

This has been the philosophy which Vajpayeeji knows very well. We have to restore that, and with a sense which the President has pleaded—to give a call to this country. So much of our energy today is lost in what? In denigrating each other.

जिसे हिन्दी में कहते हैं टोपी उछालना, एक दूसरे की पगड़ी, टोपी इसे उछालने में लगे हैं And what is called the crab culture,

यह देश को सबसे बड़ा बीमारी, वाजपेयी जी, यदि कोई है तो क्रब कल्चर—केकड़ का कल्चर है ।

मैं बताता हूं आपको कि वह क्या है । एक कहावत है, किसी टोकरे में केकड़े यदि रख दिये जायें, तो उस पर ढक्कन नहीं डालते, ढक्कन डालने की जरूरत भी नहीं होती । क्यों नहीं होती जरूरत ? क्योंकि मालूम है कि जब एक केकड़ा ऊपर जाने की कोशिश करेगा, तो दूसरा उसको पकड़ कर खीचेंगा । तो इसलिये कोई ऊपर जा ही नहीं सकता ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं तो समझता था कि आप शाकाहारी हैं ।

श्री वसंत साठे : शाकाहारी तो नहीं हूं, लेकिन केकड़े से कोई खास प्यार नहीं है । तो वाजपेयी जी यह केकड़ा कल्चर जो है, यह देश को खाये जा रही है । क्रेब कल्चर बस सारी शक्ति, सारी इनर्जी इस सदन में, उस सदन में, सेंट्रल हाल में, देश की किस चीज पर जाया जा रही है । मुझे इतना दुख होता है, मुझे सबसे ज्यादा अफसोस किस बात का होता है, मैं इसी बात को बता कर अपनी बात खत्म करना चाहूंगा । हर क्षेत्र में ऊपर आने के लिये सर्वांगीण विकास जब तक देश का न हो, तब तक आप नहीं आ सकते ।

परसों यहां साहब टेबल टेनिस हुआ, चाईना स्वीप्ड—यही चाईना बेडमिंटन में स्वीप कर ले जाता है, जिमनास्टिक्स में स्वीप कर ले जाता है, सिओल में सब से ज्यादा गोल्ड मेडल ले जाता है और नम्बर दो पर कौन आता है ? साऊथ कोरिया, दोनों एशियाटिक देश हैं, उतनी दिल को तसल्ली की बात है, चलो, लेकिन छोटा सा मुल्क 80 गोल्ड मेडल ले जाता है, साऊथ कोरिया । अरे भाई क्यों ? कोई यह कहे कि उनका सिस्टम आफ पालिटी अलग है, इसलिये हो रहा है, ऐसी बात नहीं है । दोनों बिल्कुल विरोधी सिस्टम से है, फिर भी क्यों हो रहा है ? एक राष्ट्र की जिद, जब सारे नेशन को यह जिद नहीं आती कि हमें इस नाते से कुछ हासिल करना है, दुनिया में बराबर आना है, तो किसी भी क्षेत्र में हम आगे नहीं आ सकते । क्योंकि आज दुर्भाग्य इसी बात का है कि हमारा पास्ट टाइम, कोई सब से बड़ी उपलब्धि इस देश में यदि कोई है तो

[श्री वसंत साठे]

एक-दूसरे की टांग खींचने की है। कौन कल्चर, एनर्जी सारी बर्बाद। यह मानवीय ऊर्जा इस तरह जाएगी तो दूसरी ऊर्जा कहां से लायेंगे? इसलिए मेरी आपसे और सदन के सदस्यों से नम्र प्रार्थना है कि भाई, एक होकर देश के मसले बांट लीजिए, हमें कोई एतराज नहीं है। (व्यवधान) सब बैठे हैं, इधर और उधर तो हैं ही बेचारे, आप हमारे इस देश के दिग्गज हैं, वाजपेयी जी से मैं खास कर कहना चाहता हूं और आडवाणी जी से भी कि आपने जो इशारा किया था फंडामेंटलिजम के ग्रोथ का उसको भी यदि दबाना है तो उद्धार चरितानामतु (?) वह आपको ही बड़ा दिल करना पड़ेगा। उसके बगैर बात नहीं बनेगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस अभिभाषण का स्वागत और समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के संबंध में जो प्रस्ताव आया है उसमें जो मेरे दल का संशोधन है उसके पक्ष में भी मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरे लिहाज से अभिभाषण के अन्दर सरकार ने दक्षिण अफ्रीका की आजादी के लिए, विश्वशांति के लिए और निर्गुट राष्ट्रों के आन्दोलन के बढ़ावे के लिए जो काम किए हैं उसकी चर्चा जो की गई है वह अच्छी बात है, मैं उसका समर्थन करता हूं। लेकिन पूरे तौर पर राष्ट्रपति का यह अभिभाषण किसी रजिस्ट्री आफिस के डीड राइटर का ड्राफ्ट लगता है। इसमें जो देश के सामने बहुत ही संकट की समस्या उत्पन्न हो गई है जिसकी चर्चा अभी साठे साहब ने की उसका विश्लेषण नहीं है, कोई समाधान नहीं निकाला है और न ही कोई नीति प्रतिपादित की गई है जिससे यह समझा जाए कि इस दिशा में हम इस देश को ले जाना चाहते हैं। यह चर्चा है कि धर्म निरपेक्षता के सवाल पर हम नेशनल डिबेट करेंगे। इस सवाल पर जिस राष्ट्र का राष्ट्रपिता मारा गया हो, जिसके प्रधान मंत्री की हत्या हुई हो, जिसके अंतर्गत राज्यों में लगातार दंगा होता हो, वह कहे कि हम डिबेट शुरू करेंगे तब यह बात तय होगी, यह अत्यन्त ही लज्जाजनक लगता है। इसीलिए मैंने आपसे कहा कि यह किसी डीड राइटर का काम है। वाजपेयी जी ने आपका सही ध्यान आकर्षित किया कि अगर आप चाहते हैं कि देश में सैकुलरिज्म रहे तो मुस्लिम लीग से हाथ मिला कर कैसे हो सकता है, साठे साहब, आप मुस्लिम लीग से कीजिए और दूसरे को कहिए कि आप कम्युनल हैं तो आप भी तो वही काम करते हैं। और वाजपेयी जी से शिकायत है कि मुस्लिम लीग के बारे में तो बहुत बोलते हैं लेकिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में नहीं बोलते कि वह हिन्दु राष्ट्र की बात करता है। यह बात हमारी समझ में नहीं आई। साठे साहब इसकी चर्चा छोड़ दें तो यह और भी ज्यादा दर्दनाक बात है। अगर लोग बाबरी मस्जिद का सवाल उठाने वाले सांप्रदायिक हैं तो राम जन्मभूमि का सवाल उठाने वाले और विश्व हिन्दु परिषद् भी सांप्रदायिक हैं। तो वाजपेयी जी उनके बारे में क्यों नहीं बोलते हैं? साठे जी आपकी पार्टी दोनों कमेटी में हैं, बाबरी मस्जिद युद्ध में भी उसमें भी आपके दल के लोग हैं और राम जन्म भूमि में भी आपके दल के लोग हैं। तो आप ये करवा क्या रहे हैं? रंगनाथ मिश्र आयोग की रपट आई है उसमें स्पष्ट हो गया कि आप लोगों ने इन दंगों में हिस्सा नहीं लिया, चोटी के नेताओं ने हिस्सा नहीं लिया, लेकिन नीचे के कांग्रेसियों ने सिख विरोधी दंगों में हिस्सा लिया। यह तो लिखा हुआ है। यह आपकी पार्टी की कौन सी धर्मनिरपेक्षता है? हमने भी एक बार पाप किया था कि मुस्लिम लीग के साथ हाथ मिलाया, जनसंघ के साथ हाथ मिलाया था, लेकिन तुरन्त ही कम्युनिस्ट दलों ने अपना हाथ खींच लिया और अपनी गलती स्वीकार की। हम में और आप में फर्क यही है कि हमने इतिहास में कभी गलती की थी और आप लगातार गलतियां करते चले जा रहे हैं। उसी तरह से जनता पार्टी के हमारे मित्र हैं, जो शहाबुद्दीन जी को लेकर सेकुलरिज्म सिखाएंगे तो कौन-कौन आदमी सेकुलरिज्म सीखेंगे। हमको लग रहा है, पंडित जी की उजला बैंगन वाली कहानी हम एक बार कह

चुके हैं, दोहराना नहीं चाहते, वही बेंगन सब कोई खा रहे हैं । पंडिताइन जी को कथा कहते हुए पंडित जी ने कहा था, जैसा सभी को कथा में कहते हैं कि उजला बेंगन नहीं खाना चाहिए। तो पंडिताइन जी घर गयीं, कुछ था नहीं, घर में उजला बेंगन ही था, जो उसने बनाया नहीं । पंडित जी आये तो उसको सिर्फ दाल-भात दिया । पंडित जी ने कहा कि सिर्फ दाल-भात क्यों है ? तो जवाब दिया घर में सिर्फ उजला बेंगन था, कैसे बनाती, आपने ही तो कहा था कि उजला बेंगन खाना पाप है। पंडित जी बोले—यह मैंने दूसरों के लिए कहा था, अपने लिये नहीं कहा था आप लोग भी यही काम कर रहे हैं । आप राष्ट्र को धोखा दे रहे हैं । अभी आपने एक जलसा किया दुनिया भर के लोगों को बताया और कहा—न्यू बिगनिंग । तो "न्यू बिगनिंग" क्या है जब साम्प्रदायिक दंगा करवाते हैं साम्प्रदायिक दलों से गठ-बंधन करते हैं । इसे हम लोग जानना चाहते हैं । फिर इस बात को क्यों नहीं बताते कि आप 40 साल से राज्य किए हैं फिर क्यों यह सवाल खड़े हुए हैं ? क्यों आज राष्ट्र इन खतरनाक विघटनकारी समस्याओं में उलझा है ? आपने चर्चा जरूर की और राष्ट्रपति जी नें चार पैराग्राफ में इसकी चर्चा की है । यह अच्छी बात है, सबसे नेक बात है । यह भी एक बहुत अच्छी बात है कि हम सभी दल के लोग चंडीगढ़ में जाकर अभियान शुरू किए हैं । यह बात सदन में भी कई बार उठी थी आप इस तरह से शुरू कीजिए चलो देर आयद, दुरुस्त आयद, कोई बात नहीं है । लेकिन यह भी सोचना है कि आगे किस रास्ते पर चलेंगे, किन रास्तों पर चल कर काम करेंगे, इसको आप नहीं सोच रहे हैं । इसलिए मैं आपका ध्यान आकर्षित करूंगा, जो गंभीर समस्या है राष्ट्र के सामने है उसकी तरफ आप कोई विवेचना गंभीर रूप से नहीं कर सके । उल्टे साम्प्रदायिक संगठनों के साथ जाते हैं । एक बात और याद दिलाना चाहता हूं, क्या कारण है कि गुजरात में दंगा हुआ है, मध्यप्रदेश में दंगा हुआ है और बिहार और उत्तरप्रदेश में भी दंगे हुए हैं, लेकिन बंगाल में कोई दंगा नहीं हुआ ? आप हमको बता दीजिए, जिसको आप सौ-सौं गाली देते हैं वामपंथी सरकार को, वह इसे थामे हुए है या नहीं । आपको वोट का डर है, हमको वोट का डर नहीं है, हम मुकाबला करते हैं और इसलिए हम रोके हुए हैं । हम आपको दावे के साथ कह सकते हैं जहां-जहां वामपंथी सरकार रहेगी, जहां-जहां कम्युनिस्ट लोग राज करेंगे, कोई दंगाई नहीं पनपेंगे । यह बात हम आपको विश्वास के साथ कहना चाहते हैं ।

आप अपनी नीति का रिव्यू कीजिए । यदि आप चाहते हैं कि सभी सहयोग दें । आपने कहा कि आप लोग छिद्रान्वेषण करते हैं । लेकिन पहले आप अपनी तरफ देखिए तो, क्यों नहीं देखते कि सूप चली चलनी को छिद्र दिखाने । कोई इसके लिए आपको दोषारोपण नहीं करता है कि आपने पंजाब में एकार्ड क्यों किया, आपने आसाम में एकार्ड क्यों किया ? यह तो जरुरी था । आपने अच्छा कर लिया । लेकिन यह समझना कि जिनसे आपने एकार्ड किया धर्म-निरपेक्ष हैं । यह हम आपको बता दें । लेकिन हम अभी बरनाला जी की आलोचना नहीं करने के लिए जा रहे हैं, कि वह हृदय से नहीं हैं सेकुलर । अभी वह बहुत बड़ा उपयोगी काम कर रहे हैं, इसलिए यह वक्त नहीं है कि अभी यह कहा जाय कि आपका बाप क्या था, आपका पितामह क्या था और कैसा था ? अभी देश को बचाने के लिए बहुत बड़ा काम हो रहा है, इसलिए इनको सहयोग देना चाहिए । हमारी यही शिकायत वाजपेयी जी और दूसरे आलोचक मित्रों से है । उपसभापति महोदय, एक बनिए ने बहुत अच्छा मकान बनाया और जलसा किया, लेकिन वह अपने पुरोहित को बुलाना भूल गए । सब को बुलाया, खिलाया-पिलाया। बाद में पता चला कि पुरोहित को नहीं बुलाया तो पुरोहित को बुलाया गया और कहा कि हमसे गलती हो गयी है, आप हमारा मकान देखिए । सारा मकान देखकर पुरोहित ने कहा कि तुम्हारा मकान तो बहुत अच्छा है, लेकिन मुर्दा निकालने का रास्ता

[श्री चतरानन मिश्र]

इसमें ठीक नहीं है । यदि कोई मर जाय तो मुर्दा किधर से निकलेगा ? अब बरनाला जी ने अभी मकान बनाया है तो लोग कह रहे हैं मुर्दा वाला रास्ता कोई बता दीजिए । तो यह क्या बात है ? आपसे हमारी यह शिकायत है कि आपकी जो नीति है उससे आपके प्रशासन कम्युनल हो गए हैं । पुलिस ही दंगा करने लगती है । हिन्दू पुलिस है तो मुसलमानों पर जुल्म ढाह देती है : आपको यह नहीं मालूम है, यह दुर्भाग्य है । पंजाब में ज्यादा सिख पुलिस है और वह सिख आतंकवादियों के खिलाफ काम नहीं करती । पूछिए बरनाला जी से अकेले में अगर पब्लिकली नहीं पूछना तो । यह प्रशासन में ऐसा घुस गया है, उसको आप जल्दी रोकिये ।

कुछ जरूरी सवालात हैं, उनकी तरफ राष्ट्रपति के अभिभाषण में चर्चा नहीं की है । जैसे बड़े पैमाने पर इंडस्ट्रियल सिकनेस है । आप चर्चा करते हैं कि हमने इतना परसेंट उद्योग बढ़ाया है, इतने परसेंट नए कल-कारखाने खोले हैं । मैं आपको बताना चाहूंगा कि लेटर आफ इण्टेण्ड को भी जोड़ दिया जाय तो आपने आर्थिक रिव्यू में कहा है कि 3655 लेटर आफ इण्टेंड सहित होटल उद्योग खोलेंगे और क्लोजर कितना हुआ है तो 1,19,606 और जितने आप कारखाने खोलते हैं, उससे दुगुने, तिगुने हर साल बंद करते हैं । तो यह कौनसा हिसाब आप हम लोगों को दे रहे हैं । शेयर मार्केट में आये 5000 करोड़ के नए धन की आप चर्चा करते हैं, लेकिन बंद कारखानों में सरकारी धन का 4,271 करोड़ रुपया डूब गया आप उसकी चर्चा क्यों नहीं करते हैं ? आप एक तरफा क्यों देखते हैं ? दूसरी चीजों को क्यों नहीं देखते हैं कि देश में क्या हो रहा है ?

उपसभापति महोदय, देश में इतने बड़े पैमाने पर बेरोजगारी रहेगी आजादी के 40 वर्षों के बाद भी, तो यह नौजवान कहां जाएंगे, क्या करेंगे ? माना कि वह ब्राह्मण के घर में जन्म लेता है, उच्च जाति में जन्म लिया है, उसके कारण क्या उसको जीविका अधिकार नहीं है ? हम मानते हैं इस बात को कि रिजर्वेशन होना चाहिए और इसमें दो रायें नहीं हो सकती । हम पक्ष में हैं, हम खिलाफ नहीं हैं, हम मानते हैं कि ऊंची जाति के लोग हजारों वर्षों से पिछड़ी जाति के वर्गों और हरिजनों को दबा कर रखे रहे इसलिए उचित अवसर देने के लिए रिजर्वेशन जरूरी है । लेकिन रिजर्वेशन इतना तो न हो कि हंगामा खड़ा हो जाय । इसलिए हम आपसे अनुरोध करेंगे कि आप अपनी नीतियों के बारे में कोई कार्यक्रम दीजिए राष्ट्र को ताकि समान लोगों के लिए नौकरी का इंतजाम हो सके । ऐसी कौन सी आपके पास योजना है जिससे तमाम लोगों के लिए नौकरी का इंतजाम हो सके और लोग आपकी ओर आकर्षित हों ? जब आपने द्वितीय पंचवर्षीय योजना के वक्त में नया प्रोग्राम दिया था तो सारा राष्ट्र आपके साथ हो गया था । आपने 1971 में भी यही देखा । जब जब देश पर हमला हुआ है, सारे देश के लोगों ने आपका साथ दिया है । अभी आपका क्या प्रोग्राम है ? टाटा को बढ़ाओ, बिड़ला को बढ़ाओ । बीस करोड़ वालों को सौ करोड़ वाला बनाओ । टैक्स में ऐसी छूट दी कि शेयर मार्केट का उठान हो । तो कौन आप के साथ आएगा ? इसीलिए देश को आज नए प्रोग्राम की जरूरत है जिसके बिना हम देश को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं और इसी का आपके पास अभाव है ।

एक दूसरा प्वायंट आपकी मूल्य नीति का है । आप साल भर इंकार करते रहे कि मूल्य वृद्धि हो रही है । हुआ यह कि रुई का दाम घट गया और कपड़े का दाम बढ़ गया । जूट का दाम घटा और कोकोनट का दाम घट गया, लेकिन आपकी जो ऐडमिनिस्टर्ड प्राइस है उसका दाम बराबर बढ़ता ही गया । इस मूल्य नीति से आप चाहते हैं कि तमाम लोगों को अपने साथ रख सकें तो यह होने वाली बात नहीं है ।

इसलिए देश के अन्दर आपकी नीति के कारण हंगामा खड़ा हो गया है ।

मैं दो बातों की चर्चा और करना चाहता हूं विदेश नीति को मैंने कहा है कि ठीक है और मैंने मूलतः उसका समर्थन किया । लेकिन यह बात समझ में नहीं आ रही है कि डिप्लोमेसी में पाकिस्तान के लोग कैसे आपको पीछे कर लेते हैं । वे यहां आ करके क्रिकेट मैच भी खेलते हैं और उधर ऐटम बम भी बना लेते हैं । डिप्लोमेसी में आप मार खा रहे हैं । अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आप की बातों को लोग नहीं समझ रहे हैं । उन्होंने आपके सामने नो-ऐग्रेशन पैक्ट रख दिया, आप ने उसका उचित जवाब नहीं दिया कि उसमें क्या चाल है । विदेश सचिव को डिसमिस करना होता है तो पाकिस्तान के कारसपोंडेंट को कहते हैं । किसी मंत्री को हटाना हो तो अमरीका को कहिएगा । आप चाहें कि लोग आपका साथ दें तो इस हास्यास्पद नीति का कोई समर्थन नहीं कर सकता ।

दूसरी बात यह है कि आज गवर्नमेंट की क्रेडिबिलिटी बड़ी तेजी से गिरती जा रही है । प्रधान मंत्री नौजवान हैं, अच्छी बात है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि गवर्नमेंट पर लोग विश्वास खोते जा रहे हैं और इस सवाल पर गंभीरता से विचार करना चाहिए ।

श्रीमन, मैं अंत में अपने राज्य बिहार के बारे में चर्चा करना चाहता हूं । बिहार को आपकी पार्टी ने हिन्दुस्तान के नक्शे से काट दिया है । मंत्रिमंडल में एक भी सदस्य हमारा नहीं है । केबिनट में बिहार के एक भी नहीं है ।

श्री सुखदेव प्रसाद : हमारे सामने ही बिहार के मंत्री बैठे हुए हैं ।... **(व्यवधान)**

श्री चतुरानन मिश्र : बिहार को आपने केबिनेट मिनिस्टर कहां दिया है ? वही हम कर रहे हैं । बिहार कभी ऐसा नहीं था । आपने बिहार को मिटा दिया है भारत के नक्शे में ।

राजनीतिज्ञों और ब्यूरोक्रेट्स में एक फर्क है । राजनीतिज्ञ कभी भी रिटायर नहीं होते और ब्यूरोक्रेट्स रिटायर करके पालिटिक्स में आते हैं । यही दोनों में फर्क है । बिहार के जो एम०पी० लोग आपके दल के हैं ये सब सम्भवतः नाबालिग हैं । एक रिटायर ब्यूरोक्रेट को आप ले आये वह भी नाबालिग हो गया । उनको भी नहीं समझा गया । कातिल यद्यपि वह आर्थिक कमीशन के अध्यक्ष रह सकते हैं तो यह आपकी बिहार के साथ घनघोर उपेक्षा है । **(व्यवधान)** इस कारण बिहार की भारी उपेक्षा हो रही है । एक मिसाल यह है कि एक रोहतास इंडस्ट्री वर्षों से बंद है और 15 हजार मजदूर बेरोजगार हो गये । बंद तो और भी इंडस्ट्रीज हुए हैं लेकिन यह बड़ा उद्योग समूह है । यह डालमियां नगर में है । बिहार सरकार ने रिपोर्ट भेजी कि हम इस को चलायेंगे लेकिन आपने मानोपलीज हाउसेज को चलाने को कहा । आपकी सरकार की मानोपलीज से पटती है । मानोपलीज को आप समझते हैं कि ये स्वर्ग लाने वाले लोग हैं। आप बिहार में स्वर्ग लाये हैं डालमियां नगर में जहां सभी मजदूर भूख से तड़प रहें हैं प्रोपोजल आयी कि बिहार सरकार चलाने के लिये तैयार है, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश भी दे दिया कि इसके मुताबिक इस पर विचार होना चाहिए लेकिन केन्द्रीय केबीनेट उस पर विचार नहीं करती, रिजैक्ट कर देती है । बिहार सरकार से कहती है कि जहां-जहां पुराने मालिक कर्जा लिए हुए हैं पहले उनका कर्जा दे दीजिए फिर आप मिल चलाइये । इसलिए मैं आप से कह रहा था कि हमारे राज्य की घनघोर उपेक्षा हो रही है । हर चीज की वहां उपेक्षा हो रही है । हमारे साठे साहब यहां पर मौजूद हैं । वह ऊर्जा मंत्री हैं । मैं उनको बताना चाहता हूं कि बिहार का ऊर्जा मद में सबसे कम एलोकेशन है । बिहार में सबसे लोएस्ट प्लांट लोड फेक्टर है और बिजली की चोरी हाइएस्ट है ।

[श्री चतुरानन मिश्र]

यह आप का राज चल रहा है । बिहार में आपकी पार्टी राज चला रही है ।

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) नहीं ।

श्री चतुरानन मिश्र : सबसे लॉएस्ट पी एल एफ है और हाइएस्ट लॉस लाइन का है । अगर आपको शक है तो कहिए कि सबसे हाइएस्ट है । आप तो इन्चार्ज हैं । इसके बाद इन्वेस्टमेंट भी इस्टर्न रीजन में सबसे लॉएस्ट है । अगर हंगामा खड़ा हो जाये तो आप कहेंगे रीजनलिज्म कर रहे हैं । हम रीजनलिज्म क्यों करेंगे । हम कितने दिनों तक ऐसे रहेंगे । अगर वह नहीं उठते तो यही आश्चर्य है । आप उनके साथ अन्याय कर रहे हैं ।

मैं आदि वासी समस्या की चर्चा करना चाहता हूं । आदिवासी लोग उठ रहे हैं । आप ध्यान नहीं दे रहे हैं । राष्ट्रपति के अभिभाषण में उसकी चर्चा तक नहीं । हमारे कंस्टीट्यूशन में दो ही प्रावधान हैं । या तो स्टेट होगा, यूनियन टैरेटरी होगी या फिर सेन्टर का रहेगा । हर जगह यूनियन टैरीटरी तो हो नहीं सकती जहां ट्राइब्स हैं । हम कैसे उनको एसीमिलेट करें, हम कैसे अपने नेशनल मेन स्ट्रीम में लायें ? आप इसका कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं करते । कोई इस समस्या पर विचार नहीं करता । हम लोगों ने रीजनल एटोनोमी की बात की । आप दूसरा ही कुछ रखिये । उनकी समस्या का निदान तो कीजिए । जो पिछड़ी हुई भाषाएं हैं आप उस पर भी चर्चा नहीं करते । नेपाली का क्या होगा ? दूसरी पिछड़ी भाषाओं का क्या होगा ? आप कब विचार करियेगा ? जब सब हथियार लेकर खड़े हो जायेंगे तब आप कहेंगे कि कुछ होना चाहिए ।

इसी तरह से जो पिछड़ी हुई नेशनलटीज हैं उनकी समस्याएं हैं । उन समस्याओं का एक साथ समाधान कीजिए तभी हम न्यू बिगनिंग करेंगे, नये अध्याय की ओर जायेंगे । इन सबका राष्ट्रपति जी के भाषण में समाधान नहीं है इसी लिए मैंने कहा कि यह किसी राजनीतिज्ञ का, देश की परिस्थितियों पर गम्भीरता से सोचने वाले का ड्राफ्ट नहीं है यह तो किसी रजिस्ट्री आफिस के रीडर का ड्राफ्ट है । इन शब्दों के साथ, अपने अमेंडमेंट के साथ, राष्ट्रपति जी को धन्यवाद देता हूं ।

SHRI KAMALENDU BHATTACHARJEE (Aassam): Respected Vice-Chairman, I take the floor to lend support to the Motion of thanks on the President's Address moved by Shri Bhuvnesh Chaturvedi. Most matured politicians, most seasoned politician and most honourable politician, Shri Atal Bihari Vajpayee has expressed his wonder as to why in the Presidential Address there has been a mention of the name of Punjab State Chief Minister, Shri Surjit Singh Barnala. I am trying to answer this.

Respected Vice-Chairman, we all know that in Punjab a fight is going on between the forces of friends of democracy and the foes of democracy and under the able leadership of the Chief Minister Surjit Singh Barnala, the people of Punjab has shown exemplary and praiseworthy courage to fight the forces of fundamentalism, to fight the divisive forces, to fight the forces that are out to destroy the unity and integrity of India. On this score, I would like to thank also the Members of all the Opposition parties who have lent support to Mr. Surjit Singh Barnala and I also want to thank the people of Punjab, who have been fighting very bravely the battle against the forces of terrorism—that at least, for more, the Opposition parties have been able to rise above the party considerations, above all parochial consideration and they have shown exemplary wisdom to lend support to Surjit Singh Barnala. I think, they have been able to disapprove the truth of the famous saying of Anatole France's. I quote: "it is human nature to think wisely and act foolishly." They have adhered to the famous saying of late revered Prime

Minister of India, Pandit Jawaharlal Nehru. I quote:—

"Where freedom is menaced or justice threatened or where aggression takes place, we cannot and shall not be neutral."

